CMYK

अधिकतम : 17⁰ C
न्यूनतम : 05⁰ C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, बुधवार 7 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवाया — खेल टाइम्स



अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले :मुझे किडनैप किया गया — देश-विदेश

# केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मप्र व राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद

■ हिमाचल व कश्मीर में दर्ज हुई साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है।

उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

## दिल्ली में धुंध-धुएं की चादर, एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं (स्मॉग) की घनी परत छाई रही और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कई गहन प्रदूषण वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति और भी खराब रही, जिनमें आनंद विहार (343), आरके पुरम (324), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (313), द्वारका (307), अशोक विहार (302) और आईटीओ (286) शामिल हैं।

## घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं, लेकिन सोमवार शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी, तो उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है।

### वोटर लिस्ट में नाम के मामले में सोनिया गांधी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में जवाब देने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया था। 9 दिसम्बर को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने 7 फरवरी तक का समय दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के सूत्रधार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलमाड़ी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बहू, दो बेटियां और दामाद, साथ ही उनके पोते-पोतियां हैं।

# उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

## अब SIR ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 12.56 करोड़ हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जुड़े

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवम्बर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसम्बर 2025 तक चली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता अन्यत्र -शेष पृष्ठ दो पर

### खंड स्नातक के पांच व खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खंड स्नातक 2,69,372, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खंड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खंड स्नातक 59,634 है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेली- मुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुर- फैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं।




## बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को सरकार ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया, जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, -शेष पृष्ठ दो पर

# गलत फैसले पर जज को सजा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## मप्र के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोर्ट ने कहा: जजमेंट एरर और भ्रष्टाचार को एक नहीं मान सकते



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई में हाई कोर्ट को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। केवल गलत आदेश या निर्णय की त्रुटि पर यांत्रिक कार्रवाई न्यायिक स्वतंत्रता और विवेकाधिकार को कमजोर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के भय से निचली अदालतें कई योग्य मामलों में जमानत देने से बचती हैं। इससे जमानत याचिकाएं उच्च अदालतों तक पहुंचती हैं।

### बंगाल के पार्ट-टाइम शिक्षकों को वेतन समानता की मांग की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कुछ अल्पकालिक (पार्ट-टाइम) शिक्षकों को यह अनुमति दी कि वे राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें, जिसमें वे गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पूर्ण-कालिक शिक्षकों के समान वेतन की मांग कर सकें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि यह प्रतिवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाए और चार महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित कर निर्णय लिया जाए। अदालत में निर्णय का प्रभावी (ऑपरेटिव) हिस्सा पढ़ते हुए न्यायमूर्ति मेहता ने याचिकाकर्ताओं को यह छूट प्रदान की कि वे छह सप्ताह के भीतर सचिव के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं और पूर्व में दिए गए हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप अपनी शिकायतें, दावे और अधिकार रिकॉर्ड पर रख सकते हैं।

# गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

■ यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद

**नई दिल्ली।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई।

सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वाड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के आफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वाड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक विरासत को किया जा रहा संरक्षित: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधान ने मंगलवार को यहां शास्त्रीय भाषाओं- कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन करने के बाद कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और सरकार इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट की कोई कमी नहीं है और एक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पणा की गई है। भारत में शिक्षा बहुत पुरानी परंपरा है। यह साहित्य एक शब्द से सीमित होने वाला नहीं था। भारतीय भाषा मनुष्य के लिए सबसे पहला वैज्ञानिक उपलब्धि है। सभी भारतीय बहुभाषी है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दूरस्थ और ग्रामीण खंडों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि के समय बड़ा संकट पैदा हो जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इसके लिए दूरसंचार विभाग तथा दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से आग्रह करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, विशेष रूप से ग्रीनफील्ड और दूरदराज के खंडों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता होती है।

### नया अधिनियम अर्थव्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# जी राम जी योजना बनेगी विकसित भारत की आधारशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संसद में विकसित भारत को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया नया अधिनियम (जी राम जी योजना) देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, आज उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन विकास से जुड़े सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के बजाय भ्रष्टाचार के अपने पुराने कारनामों को छिपाने के लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। योगी ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई तकनीक को जोड़ा जा रहा है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने मनरेगा पर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, उनका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं रहा। हर जनपद से भ्रष्टाचार की शिकायतें आती थीं। किसानों को जरूरत के समय मजदूर नहीं मिलते थे और मजदूरों को काम के समय काम नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि नए संशोधन के तहत योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। समय पर काम नहीं मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते की गारंटी भी होगी। किसानों की जरूरत को देखते हुए आवश्यक समय पर मनरेगा के कार्य स्थगित रखे जाएंगे। योगी ने कहा कि जो लोग केवल खोदने और भरने से लाभ उठाते थे, वही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। अब कार्यों को तकनीक से जोड़ा जाएगा, डिजिटल भुगतान होगा और रियल टाइम ऐप के माध्यम से निगरानी की जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑडिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिनकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य की भागीदारी 60:40 की रहेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को करीब 17 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि मिल सकेगी। जिन राज्यों में श्रमिक वर्ग की संख्या अधिक है, उन्हें अधिक कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा और इससे स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू करेगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप इसे प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा। योगी ने कहा कि जिनकी सोच में कभी विकसित भारत नहीं रहा, वही लोग आज इसका दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जी राम जी योजना देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

## घर में आग लगने से डीएमआरसी कर्मचारी, पत्नी व बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने की दुखद घटना में पति, पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) फ्लैट्स में आग लगने की सूचना लगभग तड़के 02:39 बजे मिली। दमकल विभाग ने तुरंत छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया तथा इसे सुबह 3:30 बजे तक पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने बाद में घर से तीनों के जले हुए शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और उनकी बेटी जाह्नवी (10) के रूप में हुई है। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी को मामूली चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां आवश्यक चिकित्सा दी गई। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चला है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो की आवासीय कॉलोनी के एक फ्लैट में धुआं/आग की सूचना मिली थी, जिसमें निगम के एक सहकर्मी अजय विमल, उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई। डीएमआरसी के अनुसार यह घटना लगभग तड़के 2:34 बजे हुई।

## अंकिता मामले की जांच सीबीआई करे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ पहाड़ की बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ, उस पर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया: सुप्रिया श्रीनेत

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में रोष के बीच कांग्रेस ने मामले की पूरी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है, ताकि उसे न्याय मिल सके और सच सबके सामने आ सके।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पहाड़ की एक बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ। उस बेटी के ऊपर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया और जब उसने मना कर दिया तो उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में सारे सबूत छिपाने के लिए तुरंत उस होटल पर बुलडोजर चला दिया गया, क्योंकि उसमें भाजपा के नेता का बेटा शामिल था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें सामने आ रही है कि यह पूरा मामला भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंचता है।

पूरे उत्तराखंड के साथ ही भाजपा के लोग भी न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरकार अंकिता भंडारी को न्याय नहीं दे सकती, क्योंकि ये सरकार चैन की नींद सो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि अंकिता को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और ये तभी होगा, जब सीबीआई इसकी जांच करेगी। इस बीच महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लोग उत्तराखंड में न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में काम करती थी। आरोप है कि उस पर ‘विशेष सेवाएं’ देने के लिए दवाब बनाया गया था और जब उसने इससे मना कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई थी।

## यूपी में ठंड हुई प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाए रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14.15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गो पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं, वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कल रात से पूरे कश्मीर में ठंड का कहर जारी है और गुलमर्ग में इस मौसम का सबसे कम तापमान करीब शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि ज्यादातर दूसरे स्टेशनों पर भी पारे में तेज गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट का अनुमान जताया है। दस जनवरी तक पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे रहने का अनुमान है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार है, जिससे मौजूदा शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिलेगी।



सेंसेक्स 85063.34
निफ्टी 26178.70



सोना रु. 141500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 251000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक (0.44 प्रतिशत) टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,889 के शेयरों में गिरावट और 1,238 में बढ़त रही।

अन्य 110 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयरों में गिरावट रही। ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी का शेयर 2.07 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत गिर गया। इंडिगो में 1.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.56, अडानी पोर्ट्स में 1.30, पावरग्रिड में 1.16 और इटरनल में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.87 प्रतिशत चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.75 फीसदी, सनफार्मा में 1.73, भारतीय स्टेट बैंक में 1.33, टीसीएस में 1.28 और एशियन पेंट्स में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.32 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.15 फीसदी ऊपर था।

## चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, सोना भी नए शिखर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख रुपये प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है, जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 उछलकर रुपये1,41,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो सोमवार को 1,40,400 पर बंद हुआ था।

## चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं, चीनी स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 19 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटा पांच रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल औसतन 31 रुपये और मूंग दाल 30 रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 28 रुपये और तुअर दाल की 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल भी 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 22 रिंगिट टूटकर 3,992 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.10 प्रतिशत उतरकर 49.82 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 21 रुपये टूट गई। सरसों तेल 17 रुपये और सोया तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं वनस्पति में 26 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी लगभग स्थिर रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7797.55 रुपये, मसूर काली 8168.30 रुपये, मूंग दाल 10101.89 रुपये, उड़द दाल 10399.46 रुपये, तुअर दाल 10613.30 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज: (भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2849.13 रुपये और चावल 3865.74 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3299.13 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.62 रुपये और गुड़ 4988.65 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र की...** स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जोड़े गए हैं।

**योगी मंत्रिमंडल...** जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवारिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

## कैट मई में भारतीय व्यापार महोत्सव का करेगा आयोजन: खंडेलवाल

नई दिल्ली, वार्ता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, भारतीय व्यापार और घरेलू वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के मकसद से अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में मई में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) का आयोजन करेगा।

एक मई से आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर कैट के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान कैट के महासचिव एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप यह महोत्सव आयोजित होगा। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार को सुदृढ़ और सुरक्षित करना है तथा भारत के व्यापार के परचम को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में आयात शुल्क और वैश्विक संघर्षों के चलते दुनिया भर में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में, कैट द्वारा देश भर में भारतीय व्यापार आंदोलन शुरू किया जा रहा है जिसकी पहली और प्रमुख पहल के रूप में कैट आगामी एक मई से चार मई तक राष्ट्रीय राजधानी के भारत मडपम, प्रगति मैदान में बीवीएम 2026 का आयोजन करेगा, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और वन नेशन वन मार्केट की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा तथा भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता में व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि बीवीएम 2026 का आयोजन पूरी तरह ‘मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड’ की परिकल्पना के अनुरूप किया जा रहा है।

## एफडीआरसी संवाद, सहानुभूति और न्याय से सामाजिक सौहार्द की सशक्त पहल: बबिता सिंह चौहान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक (फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लिनिक- एफडीआरसी) को महिलाओं, बच्चों एवं परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी, जन-केंद्रित और दूरदर्शी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न्याय, सहानुभूति और संवाद के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बबिता सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि एफडीआरसी का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और आपसी बातचीत से सुलझाना है। इससे पीड़ितों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक कलंक और मानसिक तनाव से राहत मिलती है। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित कर न्याय को अधिक मानवीय बनाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और शारदा विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह प्रयोगात्मक पहल शुरू हुई थी। 10 जुलाई 2020 को औपचारिक उद्घाटन के बाद एफडीआरसी एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित परिवार परामर्श केंद्रों ने सैकड़ों मामलों में सुलह, पुनर्मिलन और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बढ़ते बोझ में भी कमी आई है।

# डीआईजी की मॉनिटरिंग से जुआ सट्टा माफियाओं पर हो रही कार्रवाई

## आधा दर्जन से ज्यादा थाना क्षेत्रों में जुआ माफिया बैकफुट पर, मची खलबली

**■ असलम प्रधान पर थाना पुलिस कर रही है गैंगस्टर की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इस समय डीआईजी कलानिधि नैथानी की मॉनिटरिंग से मेरठ पुलिस ने लगभग आधा दर्जन थाना क्षेत्रों में जुआ सट्टा माफियाओं पर कार्रवाई कर उनकी कमर तोड़ दी है। सबसे ज्यादा ओर चर्चित फलावदा थाना क्षेत्र रहता है जिसमें लगभग एक दशक से जुआ सट्टा माफिया दबंगई से जुए सट्टे का अवैध कारोबार संच.ालित कर रहा था बीच में कुछ समय के लिए फलावदा थाने का चार्ज आईपीएस अधिकारी को दिया गया था जिसके बाद महलका गांव में वर्षो से चल रहा जुए का अवैध कारोबार बंद हो गया था। कुछ दिन बाद ही दौराला थाना क्षेत्र के दादरी में सफेद पोश अंकित मोतला के साथ महलका के ग्राम प्रधान असलम ने एक होटल में बड़ी मात्रा में जुए का कारोबार शुरू कराया था जिसमें एसपी सिटी की टीम ने छापा मारकर लाखों रुपए के साथ दो दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार किया था।

इस प्रकरण में दौराला थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौर को कप्तान विपिन टाडा ने निलंबित किया था। वहीं लगभग एक सप्ताह पहले ग्राम प्रधान असलम ने अपने ही मकान में फिर से जुए का संचालन शुरू करा दिया जिसमें आसपास क्षेत्र के काफी संख्या में लोग जुआ खेलने आने लगे। जब पुलिस को भनक लगी तो जांच पड़ताल हुई लेकिन जुआ माफिया असलम की दबंगई का अंदाजा लगाना मुश्किल है क्योंकि जिस समय पुलिस जांच पड़ताल के लिए गांव में पहुंची तो किसी ने भी प्रधान के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं की। वहीं कुछ लोगों ने दबी जुबान से कहा कि आसपास क्षेत्र के काफी युवा भी यहां आकर जुआ खेलते है और अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि प्रधान गांव में जुआ खिलाने के लिए अलग से पैसा लेता है और फिर उनके साथ खुद भी जुआ खेलता है। बताया जाता है कि प्रधान के द्वारा जुआ खेलने के लिए सूद पर पैसे भी दिए जाते थे।

### संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज होने पर भी जेल नहीं जाता प्रधान

कुछ लोगों का कहना है कि महलका के मौजूदा प्रधान असलम पर पूर्व में भी संगीन धाराओं में मुक.दमें पंजीकृत हैं, वहीं चर्चित दादरी प्रकरण में भी असलम प्रधान को आरोपी बनाया गया था कुछ दिन पहले गांव में ही असलम व आसू पक्ष के बीच मारपीट के बाद फायरिंग की घटना हुई थी जिसमें कई लोग घायल हुए थे इसमें भी प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

इतने मुकदमे पंजीकृत होने के बाद भी आज तक प्रधान जेल नहीं जा सका अब इसे प्रधान का रसूख कहे या पुलिस की निष्क्रियता। हालांकि फलावदा पुलिस द्वारा असलम प्रधान के घर छापा मारकर तीन दिन पहले कार्यवाही की गई है साथ ही प्रधान पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी की जा रही है अब देखना यह होगा कि गैंगस्टर की कार्यवाही ओर महलका प्रकरण में वांछित होने के बाद पुलिस असलम प्रधान को गिरफ्तार करेगी या यूं ही उसके हौसले बुलंद रहेंगे।

# मीट व्यापारी पर छुरी से हमला बाल-बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट में मीट की दुकान पर उस समय हड़कंप मंच गया जब एक युवक ने मीट में हड्डी देने पर मीट व्यापारी पर छुरी से हमला कर दिया। गनीमत यह रही की मीट व्यापारी बाल-बाल बच गया, पीड़ित युवक ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के फरमान पुत्र फैज मोहम्मद निवासी सितारा मस्जिद शकूर नगर के रहने वाले की खुशहाल नगर में मीट की दुकान है मंगलवार को सलमान नाम का युवक दो सौ रुपए का मीट लेने पहुंचा। मीट व्यापारी फरमान ने आरोप लगाते हुए बताया कि मीट के साथ हड्डी मिला दी, जिसको लेकर आरोपी सलमान ने पीड़ित युवक फरमान के साथ गाली देनी शुरू कर दी। पीड़ित फरमान ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी सलमान ने मीट व्यापारी पर छुरी उठाकर हमला कर दिया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए और आरोपी सलमान के हाथ से छुरी पकड़ कर छीन ली।

# कोतवाली पुलिस ने 72 घंटे में किया चोरी का खुलासा

## एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को दी घटना की जानकारी



पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पांचों आरोपी।

**■ चोरी के माल के साथ पुलिस ने पांच दबोचे**

**■ रविवार को पीड़ित ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कोतवाली क्षेत्र के बनिया पाडा फतेह मस्जिद के सामने खुर्रम मंजर पुत्र मंजूर उल इस्लाम के घर में कुछ चोरों ने छत पर लगा जाल तोड़कर सोने चांदी का सामान व कैश चोरी कर लिया था। इसी संबंध में पीड़ित ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने 72 घंटे के अंदर इस मामले के आरोपी नाजिम, फैजान, हमदान, सलीम और अजहर को गिरफ्तार किया है यह पांचो आरा.ेपी कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं पुलिस ने इनके पास से तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं यह जानकारी पुलिस लाइन में एसपी सिटी ने पत्रकारों को देते हुए कहा कि आरोपियों के पास से चोरी किया हुआ माल बरामद कर लिया गया है और आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

# सीसीएसयू खेल परिसर के स्टोर रूम में चोरी का पर्दाफाश एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल पुलिस ने उज्जवल खोकर प्रीत विहार थाना नौचंदी की तहरीर के आधार पर एक मुकदमा 27 दिसम्बर को पंजीकृत किया था। जिसमें पीड़ित ने सीसीएस यूनिवर्सिटी में खेल परिसर के स्टोर रूम में हुई चोरी का पर्दाफाश करने की मांग की थी। पुलिस ने इस घटना पर काम किया और एक आरोपी चेतन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने बताया कि आरोपी चेतन दिलशाद कालोनी थाना सीमापुरी शाहदरा दिल्ली का रहने वाला है चेतन के पास से कंपाउंड व स्टेबलाइजर का पूरा सेट, रिकवर हैंडल, स्कोप, स्प्रिंग आदि बरामद हुए हैं आरोपी पर पुलिस नियम अनुसार कार्रवाई कर रही है।

# एसआईआर पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित, कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश




एसआईआर के बारे में विस्तार से बताते वक्ता।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी में एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष हरवीर पाल के प्रथम बार मंडल में आगमन पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा एसआईआर अभियान को लेकर बैठक हुई जिसमें कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में युवा भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चौधरी की विशेष एवं प्रभावशाली भूमिका रही। जिन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री मनोज फौजी द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता जानी मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी ने की। बैठक में जिला मंत्री मुकेश शास्त्री, ब्रजवीर सैनी, वरिष्ठ नेता मुनेश बाफर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न दिलाए जाने की मांग को लेकर माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय एकता मिशन के तत्वाधान में महिला कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विवेक शिक्षा सदन मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल से प्रधानाचार्य विनोद कुमारी बिश्नोई ने झंडी दिखाकर आरंभ कराया।

रैली का जुलूस रामलीला ग्राउंड, मोहल्ला कपासाड़ियान, मोहल्ला पड़ाव पट्टी, मोहल्ला सैनियान, मोहल्ला अम्बेडकर, मवाना मार्ग, मेंन बाजार होते हुए शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचकर समापन किया गया। रैली जुलूस में सभी महिलाएं अपने-अपने हाथों में लिखी हुई तख्ती माता सावित्रीबाई फुले व महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न दिलाए जाने की मांग को लेकर माता सावित्रीबाई फुले अमर रहे के नारे लगाते हुए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र जनसुनवाई पोर्टल से सरकार को भेजा गया है। रैली समापन के दौरान माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर मुख्य अतिथि मोनिका सैनी जिला अध्यक्ष माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय एकता मिशन आदि संगठन की सैकड़ो महिला कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर फूल अर्पित किए। जिलाध्यक्ष मो.निका सैनी ने बताया कि आज हम सभी महिलाएं राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हैं कि माता सावित्रीबाई फुले व महात्मा ज्योतिबा राव फुले को



भारत रत्न से सम्मानित किया जाए क्योंकि हमारे देश में ये भारत की पहली महिला शिक्षिका शिक्षा क्रांति की जननी सावित्री बाई फुले ने अंधकार के युग में शिक्षा का दीप जलाया। जब लड़कियों को पढ़ाना पाप माना जाता था तब सावित्रीबाई फुले ने दबंग लोगों की गालियां, पत्थर और अपमान सहकर भी लड़कियों और दलितों के लिए स्कूल खोले। वह केवल शिक्षिका नहीं थीं वे सामाजिक क्रांति की अग्रदूत, महिला मुक्ति और समानता की प्रतीक थीं। उन्होंने शिक्षा को विशेषाधिकार नहीं सभी महिला जाति के लिए अधिकार बनाया। और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष के हर मोर्चे पर वह अडिग रहीं। उनका जीवन नारी शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता के लिए उनका संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान रैणू सैनी, मनीषा, अनीता, सोनिया, गुड्डी कश्यप, कुसुम पालीवाल, आईशा, सुनीता, बबीता, सावित्री शर्मा, संध्या, आशा, प्रीति सैनी, नेहा, नैंनसी, रिया पालीवाल, प्रीति, ललिता, काजल, खुशी, भागमली, गौरी देवी, मंजू देवी, पूजा पालीवाल, सभासद रविता सैनी, सभासद सोनिया देवी, सभासद कुसुमलता बिश्नोई आदि सैकड़ो महिलाएं शामिल रही है।

# सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मिले अनुज भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय महामंत्री अनुज भारद्वाज ने लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अनुज भारद्वाज ने अखिलेश यादव को बुके भेट किए। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनुज भारद्वाज ने बताया, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। अनुज भारद्वाज ने बताया भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सरकारी अवक.ाश करने के लिए भी निवे.दन किया। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव ने



कहा भविष्य में जब हमारी सरकार बनेगी तो आपके द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव ने कहा स्वर्गीय नेताजी ने भगवान परशुराम के जन्म उत्सव का अवकाश अपनी सरकार में घोषित किया था। जो आज की वर्तमान सरकार ने निरस्त कर दिया है। इसलिए उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि सपा सरकार आएगी तो भगवान परशुराम की जन्म उत्सव पर वह स्वयं अवकाश की घोषणा करेंगे।

# एरा आरडब्ल्यूए पर लगा गबन का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कालोनी डवलपमेन्ट और वेलफेयर के नाम पर निवासियों से वसूली गई धनराशि में लाखों रुपये के गबन का मामला मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा है।

सिराजुद्दीन अंसारी व उमर मलिक व काजी नवेद और हाफिज हुसैन सहित दर्जनों निवासीगण ने एसएसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि, नूरनगर स्थित एरा गार्डन के निवासी वेलफेयर के लिए वर्ष 2018 में सर्वसहमति से आरडब्ल्यूए का गठन किया गया था जिसकी विधि मान्यता वर्ष 2023 तक थी। तत्पश्चात काजी अकील व सुहैल अनीस व प्रोफेसर रिजवान और मुजीब अहमद तथा इरफान चौधरी ने निवासीगण के झूठे और फर्जी शपथ पत्र बनाकर आरडब्ल्यूए का नवीनीकरण कराया। नवीनीकरण की प्रक्रिया में जो बैलेंसशीट्स, रजिस्ट्रार कार्यालय में दी है उसमें भी निवासीगण से वसूली गई धनराशि में खर्च का फर्जी विवरण दर्शाकर लाखों रुपये का गबन कर लिया है। मामले में एसएसपी विपिन ताडा ने सीओ ब्रह्मपुरी को जांच करके कानूनी कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# आयुष मंत्रालय के साप्ताहिक शिविर से जनता को मिल रहा लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** क्षेत्र के मोहल्ला मंसबपुरा स्थित क्लासिकल फिलोसोफिया साइंटिफिक रिसर्च फेडरेशन के परिसर में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में साप्ताहिक यूनानी चिकित्सा शि.विर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर में अब तक 2000 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क यूनानी दवाओं द्वारा उपचार किया जा चुका है। यह शिविर केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के क्लीनिकल रिसर्च यूनिट, मेरठ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अब्दुल वाजिद मेहमूदी के प्रयासों से यह पहल शुरू हुई है, जिसने क्षेत्र में यूनानी पद्धति के प्रति विश्वास जगाया है। यूनानी पद्धति पर जनता के बढ़ते विश्वास के कारण मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। इसी का परिणाम है कि हर सोमवार को किठौर और आसपास के इलाकों से कड़ाके की ठंड में भी सुबह से ही मरीज टोकन लेने के लिए कतारों में खड़े हो जाते हैं। जनता के इसी विश्वास को देखते हुए, यह शिविर तेजी से सफलता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वाजिद मेहमूदी लंबे समय से यूनानी पद्धति से लोगों का इलाज कर रहे हैं, जिससे उनके प्रति लोगों में गहरा विश्वास पैदा हुआ है।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने नफरत का जवाब मोहब्बत से दिया

**■ हिंदुत्व के लोगों ने बांटी थी तलवार, अब मुसलमानों ने बांटे कलम और फूल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल के नफरती नेता पिंकी चौधरी द्वारा बांटी गई तलवार के बाद अब एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में पार्टी ने मोहब्बत का पैगाम दिया है एआइएमआइएम ने हिंदू संगठनों के नफरत का जवाब मोहब्बत से देते हुए शहर भर में आम नागरिकों को पेन व कलम बांटे है।

एआइएमआइएम के नेता इमरान अंसारी के नेतृत्व में हापुड़ अड्डा चौराहे पर राहगीरों और दुकानदार को गुलाब और कलम बांट कर मोहब्बत का पैगाम दिया। इमरान अंसारी ने कहा कि आज हमने वहीं किया जो देश में करना चाहिए और उस भरोसे का मजबूत किया जो अमन पसंद लोगों को एक दूसरे पर है। भारत मोहब्बतों का देश है अनेकता में एकता का देश है। पिंकी चौधरी जैसे नफरती लोग अमन भाईचारे शांति के दुश्मन है। ऐसे लोगो को देशद्रोह की धारा लगा कर जेल में डालना चाहिए। जिस समय एआईएमआईएम के नेता नफरत का जवाब मोहब्बत से दे रहे थे उस समय हापुड़ अड्डे का माहौल भी खुशनुमा नजर आ रहा था हर तरफ मोहब्बत चेहरे पर मुस्कुराहट बनकर दिखाई दे रही थी सभी ने इस मुहिम का स्वागत किया।



# जिला पंचायत चुनाव को लेकर आजाद समाज पार्टी की बैठक

## शाहजेब रिजवी के आवास पर इकट्ठा हुए आसपा नेताओं ने किया मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता शाहजेब रिजवी के आवास पर जिला पंचायत चुनाव को लेकर एक मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें वार्ड नंबर 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 को लेकर चुनावी रणनीति तय हुई।

इस दौरान पार्टी के कई बड़े नेता व चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भी मौजूद रहे। शाहजेब रिजवी ने कहा कि आजाद समाज पार्टी जिला पंचायत में खुद को स्थापित करने और मजबूत करने की कवायद में जुट गई है और वह आगामी जिला पंचायत चुनाव में सबसे ज्यादा सदस्य सीट जीतकर यह दिखा देंगे की आने वाले समय में आजाद समाज पार्टी ही राजनीतिक गल्यारो का विकल्प है।

मीटिंग में आए लोगों ने भी पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही और कहा कि जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हमारा लक्ष्य नहीं है हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में भाई चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री तक पहुंचना है और इसी की कवायद में वह जिला पंचायत से शुरुआत कर रहे हैं जिला पंचायत का चुनाव मिनी विधानसभा चुनाव माना जाता है और यह विधानसभा चुनाव की तैयारी को ही दर्शाता है। शाहजेब रिजवी ने कहा कि पार्टी के लोगों ने जिला पंचायत चुनाव को लेकर मजबूत रणनीति पर काम करने पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के क्या हाल हैं यह किसी से छुपी नहीं है चंद्रशेखर आजाद ही गरीब और मजलुमो की आवाज बन रहे हैं जिसके चलते हर वर्ग का युवा उनके साथ भविष्य के सपने देख रहा है और आने वाला समय उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी का है।

# समाजवादी पार्टी का चुनावी मोर्चा सक्रिय, वोटर लिस्ट पर गहन चिंतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारी के पहले और सबसे अहम मोर्चे पर पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी का साफ संदेश है जनता के वोट पर कोई समझौता नहीं, एक भी वोट कटने नहीं देंगे। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष सलीम अंसारी एवं चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी ने संत जोसफ डिग्री कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर ड्राफ्ट मतदाता सूची का निरीक्षण किया और वहीं कार्यकर्ताओं के साथ तीखी, स्पष्ट और रणनीतिक चर्चा की। अधिकारियों से प्रक्रिया की जानकारी ली और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा। नगर अध्यक्ष सलीम अंसारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह साधारण प्रक्रिया नहीं, यह चुनावी युद्ध की पहली लड़ाई है। समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने बूथ का सेनापति है। घर-घर जाकर नाम चेक कराओ, कटे वोट वापस जुड़वाओ और किसी भी



गलती को तुरंत ठीक कराओ।

चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी ने कहा कि वोट ही जनता की असली ताकत है। अगर वोट सुरक्षित है तो बदलाव तय है। समाजवादी पार्टी गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान और नौजवान के साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। दोनों नेताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने की बात कही और जनता व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि समा.जवादी पार्टी नाम जोड़ने, सुधार कराने या किसी भी समस्या के समाधान के लिए हर वक्त तैयार है और जमीन पर मौजूद रहेगी। यह भी बताया गया कि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक दावे व आपत्तियाँ दर्ज की जाएंगी। इस अवधि में कटे नाम वापस जुड़वाना, गलतियाँ सुधारना और 18 वर्ष पूरे कर चुके हर नौजवान को वोटर बनाना समाजवादी पार्टी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे हर बूथ को समाजवादी किला बनाएंगे। इस दौरान अशरफ राणा, ललित गुज्जर, मोहसीन, सईद, दानिश मिर्जा आदि लोगों ने बूथ निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं संग निर्णायक चर्चा की।

# हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्री बोर्ड परीक्षा हुई शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मंगलवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट प्री-बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की गई। इस बार पहली बार प्री-बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह से बोर्ड परीक्षा के पेटर्न पर आयोजित की जा रही है।

जिससे छात्राओं को मुख्य परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। नगर के समीप स्थित श्री मनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह व प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने बताया कि बोर्ड पेटर्न पर परीक्षाऐं आयोजित करने से छात्राओं को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिलेगा। इससे उनके मन से परीक्षा का डर कम होगा और उन्हें समय प्रबंधन तथा प्रश्न पत्र को समझने में मदद मिलेगी। पहली बार प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र और डेट शीट सीधे बोर्ड द्वारा जारी किये गये हैं। इन्ही निर्देशों के अनुसार परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामकथा सम्पन्न



सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के मुस्लिम कर्मचारी अब्दुल शकील अहमद ने पांच सौ एक रुपया दान देकर देकर सम्प्रदायिक सदभाव की मिसाल दी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के मैदान पर चल रही नो दिवसीय श्रीराम कथा राम राज तिलक के साथ संपन्न हुई । कथा वाचक प्रेममूर्ति पंकज मिश्र ने कथा का संजीव वर्णन किया, जिससे भक्त भाव विभोर हो गए। यह प्रसंग रामायण के उत्तरकांड का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भगवान राम का अयोध्या लौटने और राजा बनने का वर्णन है। सभी भक्त कथा सुनकर भाव विभोर हो गए। उन्होंने भक्तों को बताया कि श्री राम कथा में राम के राजतिलक का प्रसंग रामायण के उत्तरकांड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो वनवास के बाद, लंका विजय के पश्चात, भगवान राम के अयोध्या लौटने और राजा बनने की घटना है, जहां उनके राज्याभिषेक से तीनों लो. कों में सुख-शांति फैल जाती है, सभी शोक दूर होते हैं और राम राज की स्थापना होती है।कथा के अंतिम दिवस के अवसर पर मुख्य यजमान सत्य देव मिश्रा,गोविंद मिश्रा, पण्डित श्याम पाल पाठक,बृजेश शंखधार, सत्य पाल शर्मा,सुभाष चौधरी,पंकज शर्मा, टिंकू कटिया ,रामबहादुर शंखधार, मनोहर गुप्ता, विनीत कटिया,हरद्वारी लाल नेताजी,राजेश शंखधार, शैलेश पाराशरी,कृष्ण फूल माली,अवनीश पाठक, संजीव पाठक,निर्भय सक्सेना,हर विलास शर्मा, आयुष कटिया विवेक काकुष्ठ, नीरज शर्मा,उषा मिश्रा,शिवि शर्मा, पूनम शर्मा,चन्द्र मुखी,प्रसुनिका शर्मा,नेहा शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# उसैहत: अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



**सुनील कश्यप ,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, सुबह सड़क किनारे मिला शव। जनपद बदायूं के उसैहत थाना क्षेत्र के मुगर्रा जरासी गांव के तिराहे के पास एक अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।सुबह सड़क किनारे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि अधेड़ व्यक्ति देर रात खेत की रखवाली के लिए घर से निकला था। सुबह ग्रामीणों ने उसका शव सड़क किनारे पड़ा देखा, जिसके पेट में गोली लगी हुई थी।

सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने गांव के ही एक हिस्ट्रीशीटर पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार मछली पकड़ने को लेकर मृतक और आरोपी के बीच पहले विवाद हुआ था इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

# मोबाइल हैक कर दो खातों से 465000 की रकम निकलने का मिला मैसेज

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** पिछले कुछ दिनों पहले साइबर क्राइम द्वारा सहसवान की कुछ मशहूर हस्तियों का वाट्सअप हैक कर लिया था उसकी शिकायत भी हुई लेकिन साइबर क्राइम करने वाले जिलें मे एक्टिंग है आज बिल्सी कस्बे के मोहल्ला नंबर आठ निवासी पान सिंह पुत्र सालिगराम ने थाना पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके भारतीय स्टेट बैंक की शाखा सहसवान एवं कस्बा बिल्सी में खाते खुले हुए हैं उसके मोबाइल के व्हाट्सएप नंबर पर लवदव इप ।च्ज्ञ नाम की एक फाइल आई जिसमें अपलोड कर लिया अपलोड करते ही मेरा मोबाइल हैंग हो गया तथा मेरे मोबाइल पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा सहसवान के खाते से 447000 तथा भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिल्सी के खाते से 18000 रुपये कुल 465000 की नकदी निकलने का मैसेज मेरे मोबाइल पर आया मैंने मामले की सूचना तत्काल एनसीआर पोर्टल पर भी दर्ज कर दी है।पीड़ित पान सिंह के प्रार्थना पत्र पर अपराध संख्या 4 धारा 318/4 तथा 66डी आईटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

# रोटरी क्लब सदैव सेवा परमो धर्म के सिद्धांत पर कार्य करता है : रवि अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आर्य समाज मंदिर ग्राम गुधनी में रोटरी क्लब बिसौली दिनेश मधु आई हॉस्पिटल द्वारा एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों की आँखों की जांच एवं आवश्यक दवाइयाँ निशुल्क वितरित की गईं। दिनेश मधु आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब सदैव सेवा परमो धर्म के सिद्धांत पर कार्य करता है और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

ग्रामीण क्षेत्र में शिविर का उद्देश्य लोगों को आँखों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। उन्होंने बताया शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर इसका लाभ उठाया। कैंप को सफल बनाने में ऑप्टोमेट्रिस्ट टीम का विशेष योगदान रहा जिसमें ठाकुर जीतू सिंह, कांक्षी वार्ष्णेय, कशिश वार्ष्णेय, रजनीश शामिल रहे।

# भीषण ठंड से बचने को प्रशासन शीघ्र अलाव जलवाए

## सरकारी व सामाजिक संस्थाएं गर्म वस्त्र जनहित में बांटे

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** पूस की रात अपना प्रकोप भयंकर रूप से गरीब, बेसहारा, लाचार एवं यात्रियों पर ढा रही है। चारों ओर सर्दी से लोग ठिठुरते एवं कपकपाते नजर पड़ रहे हैं।

लेकिन स्थानीय व तहसील प्रशासन भीषण ठंड से अनभिज्ञ बना हुआ है। जो की लापरवाही का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जबकि प्रशासनिक कर्मचारियों लक्ष्य देश के नागरिकों को सुविधा पहुंचना है। आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त ना हो इसके लिए प्रशासन समय-समय पर जन सुविधा उपलब्ध कराता है। इसी क्रम में सामाजिक व राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों का भी यही दायित्व बनता है। कि समय-समय पर यह संस्थाएं लोगों को प्रकृति के कहर से बचने हेतु तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करती रहे। अलाव जलाना एवं कंबल वितरण करना भी एक सामाजिक कार्य है। अलाव जलाने एवं गरीबों को गर्म वस्त्र बांटकर समाज व देश के लोगों को राहत प्रदान कराना होता है। बड़े लोग नाम से नहीं बल्कि काम से पहचाने जाते हैं। आज हम दोनों को पैयाम है, चलो इश्क करें,इश्क दोनों की जरूरत है चलो इश्क करें। इसमें नुकसान का खतरा नहीं रहता, यह मुनाफे की तिजारत है चलो इश्क करें। इस भयंकर सर्दी में अलाव जलाना, गर्म वस्त्र बांटना, गर्म चाय भोजन इत्यादि बांटना सबाब व पुण्य का काम है। लोगों की दुआएं आपको मालामाल कर देंगी।

# बदायूं कासगंज बॉर्डर पर फर्जी वोटों का बड़ा मामला, पूर्व ग्राम प्रधान ने उठाए गंभीर सवाल

**सुनील कश्यप,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** जनपद के विकास खंड कादर चौक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया गंगवार से एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। पूर्व ग्राम प्रधान कुंवर पाल सिंह कश्यप, निवासी कौआ नगला मजरा गढ़िया गंगवार, ने आरोप लगाया है कि उनकी ग्राम पंचायत में बड़ी संख्या में फर्जी वोट शामिल कराए गए हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा असर पड़ रहा है। पूर्व प्रधान का कहना है कि बदायूं और कासगंज जिले की सीमा पर बसे गांव टिकरी नगला, जो कि ग्राम पंचायत गठौरा, विकास खंड गंजडुंडवारा, जिला कासगंज में आता है, वहां के मूल निवासियों ने गलत तरीके से ग्राम पंचायत गढ़िया गंगवार, विकास खंड कादर चौक, जिला बदायूं में भी अपने वोट बनवा लिए हैं। इस कारण एक ही व्यक्ति के नाम दो जिला. ेंख्रकासगंज और बदायूंख्रमें वोट मौजूद हैं, जो चुनावी नियमों का खुला उल्लंघन है। कुंवर पाल सिंह कश्यप ने यह भी आरोप लगाया कि इन लोगों ने यदि बदायूं जिले में आधार कार्ड बनवाए हैं, तो वह भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा सर्वे के दौरान यह स्पष्ट हो चुका है कि संबंधित लोग एस.आई.आर. विधानसभा पटियाली, जिला कासगंज के अंतर्गत ही निवासरत पाए गए हैं, जिससे उनके बदायूं में वोट होने का दावा पूरी तरह संदिग्ध हो जाता है। पूर्व ग्राम प्रधान ने प्रशासन और चुनाव आयोग से मांग की है कि ग्राम पंचायत गढ़िया गंगवार की मतदाता सूची की गहन जांच कराई जाए, कासगंज जिले के मूल निवासियों के फर्जी वोट तत्काल प्रभाव से काटे जाएं, और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते इस मामले पर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में पंचायत और विधानसभा चुनावों की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं। फिलहाल यह मामला बदायूंख्रकासगंज बॉर्डर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी।

# शिक्षक निर्वाचक नामावलियों के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद बदायूँ की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान तथा खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्वाचन नामावलियों के अद्यतन, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण,



बीएलए की नियुक्ति की स्थिति तथा मतदान स्थलों के समायोजन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया गया है तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। नामावलियों से संबंधित सुनवाई, सत्यापन एवं निर्णय की प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी।

# विधानसभा रामपुर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर गौरव कुमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 35.रामपुर की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम.2026 के अंतर्गत नए मतदाताओं के पंजीकरण को प्रभावी रूप से बढ़ाने हेतु एक सुव्यवस्थित रणनीति के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम रजा डिग्री कॉलेज में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।


कार्यक्रम का उद्देश्य नए एवं पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किए जाने हेतु जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फॉर्म- 06 नया पंजीकरण, फॉर्म- 07 नाम विलोपन, फॉर्म-08 संशोधन एवं फॉर्म- 06ए से संबंधित विस्तृत जानक. ारी उपलब्ध कराई गई तथा इन प्रपत्रों के प्रयोग एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, प्राचार्य रजा डिग्री कॉलेज, संबंधित ईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नर्मदेश्वर महाराज मंदिर में सजे बाबा महाकाल, भक्ति में डूबा रुदायन

**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** रुदायन नगर पंचायत स्थित प्राचीन नर्मदेश्वर महाराज मंदिर में बाबा महाकाल का भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। अवसर पर भगवान महाकाल को फूलों की मनोहारी सजावट, चंदन, भस्म एवं आकर्षक वस्त्रों से सुसज्जित किया गया, जिससे मंदिर परिसर आध्यात्मिक आभा से ओतप्रोत हो उठा। श्रृंगार दर्शन के दौरान मंदिर में "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बाबा महाकाल के दर्शन हेतु उमड़ी, वहीं पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भक्तों ने नगर की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए बाबा महाकाल के चरणों में शीश नवाया।कार्यक्रम के अंत में विधि-विधान से बाबा महाकाल की आरती संपन्न कराई गई, जिसके उपरांत फल एवं मिठाई का भोग अर्पित



किया गया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर महेंद्रपाल, शुभम, धीरज, गोलू, ईशु, मानव, सचिन, संजीव, कुलदीप सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।



HDFC BANK

## एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली-67

फोन : 011-41596676/568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

### निजी सामान/घरेलू सामान को हटाने के लिए सूचना

| क्र. सं. | कर्जदारों का नाम | मांग सूचना की तिथि | भौतिक कब्जा करने की तिथि | अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत परिसम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री निखिल भारद्वाज, श्री विवेक भारद्वाज और श्रीमती प्रभा शर्मा | 14-सितम्बर-2021 | 18-अक्टूबर-2024 | फ्लैट-एस05 (जी+2) जो दूसरी मंजिल पर, रूबी हाइट्स, यूरोपियन एस्टेट कॉलोनी, गांव जैतोली, परगना तहसील सरधाना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्सेदारी के साथ। |

जबकि अधोहस्ताक्षरी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी-मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) यह सार्वजनिक सूचना को इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के रिकॉर्ड के अनुसार उपरोक्त कर्जदारों/कानूनी उत्तराधिकारियों / कानूनी प्रतिनिधियों के साथ उनके अंतिम ज्ञात पते पर संपर्क स्थापित करने में सक्षम नहीं है।

जबकि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदारों को ऊपर उल्लिखित तिथियों पर डिमांड नोटिस जारी किया है।

कर्जदारों द्वारा उसमें निर्धारित अवधि के भीतर उक्त मांग नोटिस का अनुपालन करने में विफल रहने पर, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उक्त मांग नोटिस में वर्णित तिथियों पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने विशेष रूप से वर्णित अचल संपत्ति (यों) / सुरक्षित संपत्ति (यों) पर कब्जा ले लिया है।

उक्त अचल संपत्ति (यों) / सुरक्षित संपत्ति (यों) का कब्जा लेने के समय, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने व्यक्तिगत सामान और उसमें पड़े घरेलू सामानों की एक सूची तैयार की है, जिसकी प्रति कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त की जा सकती है।

इन परिस्थितियों में, उक्त कर्जदार (कर्जदारों) को नोटिस दिया जाता है कि वे उक्त अचल संपत्ति (यों) / सुरक्षित संपत्ति (यों) में पड़े व्यक्तिगत सामान / घरेलू सामान को इस तारीख से **5 (पांच) दिनों** के भीतर तुरंत हटा दें। इसके विफल होने पर, अधिकृत अधिकारी के पास व्यक्तिगत सामान/घरेलू सामान को हटाने और उसका निपटान/निपटान करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा, जैसा कि उचित समझा जा सकता है, पूरी तरह से कर्जदार के जोखिम पर लागत और परिणाम के रूप में ऐसी स्थिति में भविष्य में इस संबंध में किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**दिनांक:** 06-जनवरी-2026
**स्थान:** मेरठ

**कृते एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**
ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी

**पंजीकृत कार्यालय:** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013


# रालोद कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक का किया स्वागत, चुनावी तैयारी का आहवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू के नेतृत्व में सोमवार को जनपद बरेली से आए रालोद के प्रदेश सचिव सर्वेश पाठक का पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव शवाब खान भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सर्वेश पाठक ने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव एवं आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सीटें जीतकर एनडीए गठबंधन को मजबूत करना हम सभी का लक्ष्य है।



उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार दबे-कुचले, मजदूरों और किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं तथा देशभर में कौशल विकास को सशक्त बना रहे हैं। प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने पाठक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि रालोद को जनपद रामपुर में बड़े स्तर पर पहचान दिलाई गई है और आने वाले पंचायत व विधानसभा चुनावों में पार्टी को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाले पर बनी दुकान की बिक्री का आरोप

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला पीर का बाजार वार्ड संख्या 24 में सार्वजनिक नाले की भूमि पर बनी एक दुकान के अवैध रूप से बिक्री इकरारनामा किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी हिमांशु वर्मा ने प्रशासन को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित दुकान नगर पालिका की सार्वजनिक नाला भूमि पर बनी हुई है। जो पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर प्रवाहित नाले के ऊपर स्थित है। इसके बावजूद 21अप्रैल 2025 को हरिद्वार निवासी एक व्यक्ति द्वारा उक्त दुकान का बिक्री इकरारनामा दो स्थानीय लोगों के पक्ष में कर दिया गया। जिसका विधिवत निबंधन भी कराया गया। इस प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि नगर पालिका के कुछ सभासदों ने 23 जून 2025 को अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी थी।

# घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप बताने पर जान से मारने की धमकी दी

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपी ने उसको जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसके पड़ोसी युवक उसके परिवार से रंजिश रखता है। समय समय पर अश्लील इशारे करता है। पीड़िता ने बताया कि परिवार के लोग आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए थे। 29 दिसंबर की सुबह को जब वह अपनी छत पर गई तो आरोपी उसकी छत पर आ गया और वहां आकर आरोपी ने उसको पीछे से पकड़ कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपी ने मामले की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अब कोतवाली में

## गन्ना समिति सचिव ने किया निरीक्षण

**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव जितेंद्र कुमार ने आज समिति के समस्त विभाग कार्यालयों का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम समिति के कर्मचारियों से शासनादेशानुसार किसान भाइयों के समस्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिए।

# पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद अधिकांश प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिकाओं की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रस्तावित जियोग्राफी इनफॉरमेशन सिस्टम (GIS) सर्वे को लेकर चर्चा हुई, जिस पर बोर्ड ने जनता के हित को प्राथमिकता देते हुए इसे खारिज कर दिया।

सभासदों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस सर्वे के लागू होने से करों और शुल्कों में वृद्धि की आशंका है, जिससे आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी कारण नगर पालिका बोर्ड ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि धामपुर नगर में यह सर्वे लागू नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान शासन स्तर पर प्रस्तावित डिजिटल गवर्नेंस व्यवस्था जैसे गवर्नमेंट लीडर बोर्ड, मैट्रिक बिलिंग सॉफ्टवेयर, यूआईडी सिस्टम, मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित करने के प्रस्ताव को भी विचारार्थ रखा गया, लेकिन सभासदों ने इसे भी अस्वीकार कर दिया। सदस्यों का कहना था कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं लागू होने से नगरवासियों को अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है, जो जनहित के विपरीत है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में निर्मित एक निजी आरजी की सड़क को कब्जा मुक्त कराने की बजाय संबंधित भूमि स्वामी को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड संख्या चार स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के समीप अमृत सरोवर पर भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कर उसका सौंदर्यकरण कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। शीत ऋतु को देखते हुए नगर पालिका बोर्ड ने 1500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करने तथा 15 लाख रुपये की धनराशि अलाव जलाने के लिए स्वीकृत करने का निर्णय लिया। इसके अलावा सफाई विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ठंड व गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक वर्दी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में नगर विकास से संबंधित अन्य कई प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने किया।

# भूरिया स्रोत आश्रम पर भंडारा

**नांगल सोती।** सराय आलम के समीप गंगा खादर क्षेत्र में स्थित भूरिया स्रोत आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया गया। आसपास के गांव सराय आलम, नांगल, शहजादपुर, जीतपुर, खानपुर, मायापुरी, हरचंदपुर, चमरौला व दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया और मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। आश्रम के पुजारी ओमपुरी महाराज ने बताया कि बीती रात्रि जागरण का कार्यक्रम भी हुआ।

# दिन निकलते ही सड़कों पर आवारा सांडों का आतंक

## दो सांडों की भिड़त से राहगीरों में मची अफरा-तफरी, कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर के कोर्ट रोड पर सुबह दिन निकलते ही उस समय हड़कंप मच गया, जब दो सांड आपस में भिड़ गए। इस घटना से स्थानीय लोगों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई।

करीब 10 मिनट तक मुख्य मार्ग पर दोनों सांडों के बीच लड़ाई चलती रही। इस दौरान एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसका शीशा टूट गया। कई बाइक चालक सांडों की चपेट में आने से बाल-बाल बचे। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर और कड़ी मशक्कत के बाद सांडों को वहां से खदेड़ा। सूचना मिलने पर नगर पालिका के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा पशु आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं, जिससे अक्सर नुकसान होता है। उन्होंने प्रशासन से बेसहारा पशुओं को गौशाला भिजवाने की मांग की है।







## क्षेत्र में हो रहा मिट्टी खनन किसानों ने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के जंगल में पुलिस चौकी से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर मिट्टी खनन जारी है जिसकी शिकायत किसानों ने 1076 पर काल की है। वही 112 पर भी काल कर पुलिस को सूचना दी है।

ललियाना निवासी इन्तजार पुत्र उमरदीन व बुदधू पुत्र गिरवर नें बताया कि पिछले तीन दिनों से पुलिस चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर मिट्टी खनन किया जा रहा। जहां खेतो से तीन से चार फीट मिट्टी उठायी जा रही है। मिट्टी उठने से उसके पास के खेतो में बोई गैहूं, सरसो को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों ने बताया कि मिट्टी उठने के बाद कटाव शुरू होगा और उससे खेतो को नुकसान होगा जिससे लेकर किसान परेशान है। किसानों ने पहले 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी उसके बाद 1076 पर काल कर सूचना दी और मिट्टी खनन रूकवानें की मांग की है।

## ट्रांसफार्मर के केबिल में फाल्ट होने से 50 घरों की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव में ट्रांसफार्मर के केविल में फाल्ट होने के कारण रात भर 50 घरो की बिजली आपूर्ति ठप रही। शिकायत के बाद भी उसे ठीक नही कराया गया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है।

ललियाना गांव में ट्रांसफार्मर के केविल में फाल्ट आने के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव के ही चन्द्रे, अरूण, मागें, शीशपाल आदि ने बताया कि रात भर बिजली गुल रही ट्रांसफार्मर के केविल में रात फाल्ट आ गया था जिसकी शिकायत बिजली विभाग से भी की गयी, लेकिन उसे ठीक करने कोई नही आया जिससे रात भर 50 घरो की विधुत आपूर्ति ठप रही। इसके अलावा लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह भी ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारीयों से शिकायत की बाद में फाल्ट को ठीक कर दिया गया।



## नसीम ने की कर्नाटक सरकार के उपमुख्यमंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी नसीम चौधरी ने कर्नाटक सरकार के उपमुख्यमंत्री जनाब डीके शिवकुमार से उनके आवास पर मुलाकात की।

खास मुलाकात में उन्होंने उनका फूलों की मालाओं के साथ स्वागत किया एवं बागपत आने के लिए उन्हें निमंत्रण दिया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जनपद का दौरा करते हुए कहा कि हम जनपद बागपत की जनता से जल्द ही रूबरू होंगे। कांग्रेस के जिला प्रभारी नसीम चौधरी ने कर्नाटक से लौटने के बाद बताया कि जल्दी कांग्रेस का एक कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री बागपत में कार्यक्रम में जाकर जनता से रूबरू होंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला प्रभारी नसीम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो किसानों गरीबों मजदूरों व्यापारियों को एक साथ लेकर चलने का काम करती है। कांग्रेस ने हमेशा गरीबों मजदूरों व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी सर्व समाज की पार्टी है।



## एक नजर

### विद्युत लाइन ठीक करते समय करंट लगने से लाइनमैन की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में विद्युत लाइन ठीक करते समय करंट लगने से एक लाइनमैन की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बड़ागांव में हुई, जहां डोला गांव निवासी लाइनमैन सोनू विद्युत लाइन में आए फाल्ट को ठीक करने पहुंचा था। लाइन ठीक करते समय अचानक उसे करंट लग गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और जमीन पर गिर गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल सोनू को खेकड़ा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा- बुझाकर शांत कराया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिवार के लिए उचित सहायता की मांग की है। मृतक सोनू के परिवार में उसकी पत्नी और तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

## प्रचार-प्रसार के दौरान सुधा तोमर का जगह-जगह फूल मालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद की भावी प्रत्याशी सुधा तोमर धर्मपत्नी विक्की उर्फ अनुज तोमर का फूलों की मालाओं के साथ ग्राम वासियों ने स्वागत किया। जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं के जरिए क्षेत्र के लोगों से हाथ जोड़कर सुधा तोमर ने अपना तूफानी प्रचार किया।

वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी सुधा तोमर का लुहारी गांव में नरेंद्र पहलवान कपील दांगी विकास सोनू दांगी अशोक प्रधान योगेंद्र सिंह ने स्वागत किया। इसी के साथ-साथ जोनमाना गांव में देशपाल प्रधान ओमवीर सिंह धर्मवीर सिंह तेजपाल सिंह राजवीर सिंह तेजपालसिंह राज. कुमार सिंह आदि ने स्वागत किया। इसके उपरांत ढिकाना गांव में डा. सुरेश यशवीर प्रधान पप्पू प्रधान चेयरमैन आशीष तोमर कृष्णा चौधरी नरेश कुमार सिंह आदि लोगों ने स्वागत किया। बोहला में बॉबी शर्मा सुभाष शर्मा राजवीर सिंह मुकेश शर्मा भोपाल सिंह आदि ने स्वागत किया। इसके उपरांत सुधा तोमर धर्मपत्नी विक्की तोमर का कोताना गांव में कुलदीप डायरेक्टर पोली त्यागी विनोद त्यागी पुष्पेंद्र सिंह गौरव बिनोद त्यागी प्रमोद प्रधान विनोद शर्मा विजय त्यागी लुकमान नौशाद सतीश रमेश त्यागी धर्मपाल सिंह नरेंद्र प्रजापत रमेश प्रजापत आदि लोगों ने फूलों की मालाओं के साथ सुधा तोमर का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें भारी मतों से जीत दर्ज करने का आश्वा. सन दिया। ग्राम वासियों ने अपना आशीर्वाद देते हुए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। इस मौके पर अपने सम्मान स्वागत में सुधा तोमर ने कहा कि जो प्यार जनता की तरफ से मुझे मिल रहा है। मैं उसका हमेशा सम्मान करूंगी समाज के लोगों के साथ 24 घंटे मेरे दरवाजे खुले रहेंगे दुख सुख में उनके साथ हर समय मौजूद रहने का कार्य करूंगी।



## एसपी ने दिए चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किराए के मकान में रहने वाले चार पुलिसकर्मियों पर मकान मालिक से अभद्रता करने का आरा. ेप लगा है। मकान मालिक की शिकायत पर एसपी ने चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

यह घटना सिसाना गांव की है। मकान मालिक नीतू ने बताया कि उनके मकान में कपिल, धर्मेंद्र, गौरव और एक अन्य पुलिसकर्मी किराए पर रहते हैं। आरोप है कि ये पुलिसकर्मी अक्सर शराब के नशे में धुत रहते हैं और लोगों से अभद्रता करते हैं। नीतू के अनुसार, पुलिसकर्मी घर में गंदगी भी फैलाते थे, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। जब नीतू ने अपने ससुर को पुलिसकर्मियों के पास कमरा खाली करने के लिए भेजा, तो वे भड़क गए। उन्होंने नीतू के ससुर के साथ हंगामा किया और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। हंगामा बढ़ने पर स्थानीय थाने को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी सिपाहियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक विवाद चलता रहा। इसके बाद मामला एसपी के संज्ञान में आया, जिन्होंने तत्काल चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अग्नि में ईधन को डालने से और बढ़ती चली जाती है अग्नि, उसी प्रकार है सां. सारिक विषय वासना:महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के आचार्य विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार, मंडी बड़ौत में धर्मसभा के मध्य कहा कि जिस प्रकार अग्नि में ईधन को डालने से अग्नि और बढ़ती चली जाती है,उसी प्रकार सांसारिक विषय वासना है। इसकी पूर्ति करने से मिटती नहीं बल्कि और बढ़ जाती है। यह विषय वासना, मृग मरीचिका के समान है। केले के वृक्ष के समान निस्सार है, जिस प्रकार कुत्ता हड्डी को चबाता है और अपना ही रक्त चूसकर आनन्दित होता है, उसी प्रकार इन्सान भी अपनी इन्द्रियों को तृप्त कर अपना शोषण करता है। यह वासना आकाश की भाति असीम है। वासना से बचने के लिए आकांक्षा छोड़ना अनिवार्य है। उन्होंने कहाँ कि सन्त केवल मार्ग बताते हैं, चलना तो गृहस्थ को ही पड़ेगा। राग- द्वेष विषय कषाय से बचने का उपाय साधु बता सकते हैं, उस मार्ग पर चलकर राग-द्वेष से बचना गृहस्थों का काम है। मनुष्य की पाँचों इन्द्रयाँ गलत मार्ग पर चलने को हमेशा प्रेरित करती है। इन्द्रियाँ और स्त्रियों सदैव मॉग करती हैं। एक बार पुरूष स्त्री की मांग भर जाता है तो स्त्री पुरूष से सदैव माँग करती रहती है। उसी प्रकार इन्द्रियों की एक बार माँग पूरी कर दी जाये तो वह सदैव माँग करती रहती हैं। जो पाँचों इन्द्रियों के विषयों से निवृत हो जाता है, वही आत्म-ध्यान कर पाता है और आपने परमात्मा को उपलब्ध होता है। सभा का संचालन श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, मदन लाल जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, अमित जैन, अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

## सुनील आर्य ने किया फीता काटकर खड़ंजा का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के खेड़ा हटाना गांव के आने जाने वाले मुख्य मार्ग का खड़ंजा लगाने का उद्घाटन वार्ड नंबर 12 के जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने फीता काटकर किया। काफी लंबे समय से इस रास्ते पर खड़ंजे का निर्माण नहीं हो रहा था। लगातार ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेड़ा हटाना के ग्रामवासी खरंजा निर्माण की मांग को करते आ रहे थे। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए बागपत जिलाध्यक्ष ममता जय किशोर ने इस निर्माण कार्य को आज हरी झंडी देकर इस कार्य को संपन्न कराया ग्राम वासियों ने ममता जयकिशोर का भी आभार जताया। इस मौके पर उद्घाटन के साथ जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना ही हमारा में मकसद रहा है आगे भी विकास कार्य करते रहेंगे। चुनावी मैदान में जाकर हमने जनता से जो वादे किए थे हम उन पर खरे उतरते जा रहे हैं। जनता के साथ मिलकर विकास का मुद्दा हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी खेड़ा हटाना मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य ने कहा कि हमने जनता से जो वादा किया था हम उसे निभाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर वार्ड नंबर 12 के लोगों ने आगे भी उन्हें चुनावी मैदान में उतर कर जीत दर्ज करने का आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार सुनील कुमार त्यागी जग रोशन राम मेहर चौधरी शिवकुमार धर्मपाल रामधन जनेश्वर आदि मौजूद रहे।



## 100 महिला सफाई कर्मचारियों को किए कम्बल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को मानव सेवा समिति के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद में कार्यरत सभी महिला सफाई कर्मचारियों को सर्दी से राहत के लिए गर्म कम्बल का वितरण किया गया। समिति सदस्यों ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्धन जनों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में समिति के संरक्षक मन्डल के सदस्यों प.राजपाल शर्मा,प. राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य आदि समाजसेवियों ने महिला सफाई कर्मचारियों के कार्य की प्रसंशा करते हुए उन्हें समाज का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए भविष्य में भी उनको यथोचित सम्मान देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति की और से 100महिला सफाई कर्मचारियों को कम्बल का वितरण किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शाम के दिल्ली सहारनपुर राजमार्ग पर घूम कर जरूरतमंद निर्धन व बेसहारा जनों को कम्बलो का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मानव सेवा समिति का संरक्षक मन्डल समाजसेवी प.राजपाल शर्मा,प.राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य एडवोकेट, नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक महेश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान उसके पास से दो अवैध तमंचे .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र स्थित बनताला निवासी आशीष पुत्र सोनू के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आशीष अवैध असलहों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रारंभिक जांच में उसने बताया कि वह अवैध हथियार रखने के इरादे से क्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस उसके आपरा. धिक इतिहास की भी जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बरामद अवैध तमंचे और कारतूस को जब्त कर सील कर दिया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जनपद में अपराध और अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बागपत पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध गति. विधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार हेड कांस्टेबल को मारी टक्कर

**बागपत।** मंगलवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हेड कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब हेड कांस्टेबल अपनी बाइक से बागपत से बड़ौत की तरफ जा रहे था। अचानक पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थनीय लोगों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल हेड कांस्टेबल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार घायल हेड कांस्टेबल का नाम रवि कुमार है, जो दोघट थाने में तैनात हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारु कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सख्त यातायात नियम लागू करने और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है।



**निविदा सूचना**

जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में लगभग 50 वर्ष पुरानी खराब/निस्प्रयोज्य 01 बस, 01 जीप, 01 मेटाडोर नीलाम करने हेतु निविदाए आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म उपरोक्त को क्रय करने हेतु अपनी निविदाएं सील बंद लिफाफे में कार्यालय अधीक्षक कक्ष में दिनांक 25.01.2026 सायं 04:00 बजे तक उपलब्ध करा दें। उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामग्री का कार्यालय अधीक्षक से सम्पर्क कर दिनांक 15.01.2026 से दिनांक 25.01.2026 तक भौतिक रूप से निरीक्षण कर सकते हैं।

( डा.वीरेन्द्र प्रताप सिंह ) प्राचार्य

( वीरेन्द्रपाल सिंह ) अध्यक्ष, प्रबंध समिति

# औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी चोरी से मचा हड़कंप टिन शेड काटकर 700 किलो तांबा ले उड़े चोर




**हापुड़।** जिले के धौलाना थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां सर्वोकॉन कंपनी में अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से टिन शेड काटकर करीब 700 किलो तांबा चोरी कर लिया। लाखों रुपये मूल्य के तांबे की चोरी से औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि यह वारदात 4 और 5 जनवरी की दरम्यानी रात तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच अंजाम दी गई। चोर पूरी तैयारी के साथ कंपनी परिसर में दाखिल हुए और टिन शेड काटकर भीतर रखा भारी मात्रा में तांबा समेटकर फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना कंपनी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैए जिसमें चोरों की गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। सुबह जब कंपनी के कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल धौलाना थाना पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही हैए ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। धौलाना कोतवाली प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही चोरी गए तांबे की बरामदगी कर ली जाएगी। पुलिस टीमें लगातार दबिश देकर चोरों की तलाश में जुटी हुई हैं।

## विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर ठगे पचास हजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी युवक ने एक युवक पर विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग कीहै। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी शाहिद ने बताया कि उसकी मुलाकात नगर निवासी युवक सेहुई थी। युवक ने उसको विदेश में अच्छी नौकरी लगवाने की बात कहीं। पीड़ित उसकी बातों में आ गया। उसने उसको 50 हजार रुपये भी दे दिए। उसने बताया कि उसको जानकारी हुई कि आरोपी ने अन्य कई युवकों से भी विदेश भेजने के नाम पर रुपये लिए है। उसने जब युवक से विदेश भेजने की बात कहीं तो युवक ने अपना फोन बंद कर लिया। उसके बाद उसको ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जूनियर स्टेट कुराश में जेएमएस स्पोर्ट्स अकैडमी का जलवा, एक गोल्ड व तीन सिल्वर से रचा इतिहास



**हापुड़।** गहलोत इंटरनेशनल स्कूलए धूम मानिकपुर में आयोजित जूनियर स्टेट कुराष् चौंपियनशिप 2025द्26 का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता इंडियन कुराष् संगठन के जनरल सेक्रेटरी श्री विक्रांत कुमार की देखरेख में आयोजित की गईए जिसमें प्रदेश भर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। चौंपियनशिप में जेएमएस स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अकैडमी के कुराष् कोच प्रिंस यादव ने बताया कि उभरते खिलाड़ी प्रिंस पाल ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आर्यन सक्सेनाए आदित्य सैनी और मानु शर्मा ने कड़े मुकाबलों में शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए रजत पदक हासिल किए। इन चारों खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के साथ ही आगामी नेशनल जूनियर कुराष् चौंपियनशिप 2025द्26 के लिए अपना चयन भी सुनिश्चित किया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी 2026 तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सए पटना ;बिहारद्ध में आयोजित होगीए जिसे खिलाड़ियों के करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जेएमएस स्पोर्ट्स अकैडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉण् आयुष सिंघलए सेक्रेटरी डॉण् रोहन सिंघलए प्रधानाचार्य डॉण् निधि मलिक एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा जताई कि ये खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय व अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालयए जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## दिल्ली रोड होटल में दबंगों का तांडव, संचालक व कर्मचारी को पीटा, वीडियो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एक होटल में दबंगई का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पांच युवकों ने होटल संचालक और एक कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी अचानक होटल में पहुंचे और किसी बात को लेकर होटल स्टाफ से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि हमलावरों ने होटल संचालक को निशाना बनाया और बीच.बचाव के लिए आए कर्मचारी को भी नहीं छोड़ा। दोनों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने होटल में जमकर हंगामा कियाए जिससे वहां रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईए जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि पांचों आरोपी एकजुट होकर दोनों पीड़ितों पर हमला कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## कड़ाके की सर्दी मैं भी 16वें दिन जारी रहा धरना



**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील परिवार में गढ़ नगर पालिका क्षेत्र से टोल प्लाजा हटाने की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना 16वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने पहुंचकर आंदोलन को जनहित में समर्थन दिया। नरेश चौधरी ने कहा कि यदि अति शीघ्र जिलाधिकारी अपने समकक्ष बृजघाट प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जनता के समक्ष संतुष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते हैंए तो गढ़.बृजघाट टोल प्लाजा पर विशाल धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बृजघाट को गांव घोषित कर दिया गया हैए जबकि वह नगर पालिका क्षेत्र है। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाए कि किस आधार पर टोल वसूला जा रहा हैए अब तक कितना टोल वसूला गया है और कितना शेष हैए यह जानना जनता का अधिकार है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि श्मशान घाट पर पुल बनाकर गढ़मुक्तेश्वर नगर पालि. का के टोल प्लाजा की समय. सीमा बढ़ाई गई तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि बाईपास को सियाना चौराहे से निकाला जाना जनहित में होगाए जबकि यदि इसे टोल प्लाजा के पास से निक. ाला गया तो संगठन सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। उन्होंने तिगरी पुल निर्माण को भी जनहित में आवश्यक बताते हुए कहा कि समाजसेवी पंकज लोधी द्वारा उठाई गई सभी मांगें उचित और मानने योग्य हैं। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में लगातार आक्रोश बढ़ रहा हैए जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा शीघ्र संतुष्टीकरण किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर सुधीर चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, ओमप्रकाश सिंहए सोंग ललित त्यागी, विनोद कुमार, बबलू सहगल, जय सिंह राणाए आशीष शर्मा, राजकुमार, प्रमोद कुमार भारद्वाज, श्रीपाल जिद्दी, अवनीश सागर, उमेश लोधी, अंकित, छोटू कुमार, पवन कंसल, आदेश, फारूक, फुरकानए मुबा. रक, अमित त्यागीए विजेंद्र कुमार, संजीव कुमार, लोकेश, नौशाद, ओमवीर, चमन राणा, महेंद्र सिंह चौहान, पिंटू जाटव, राजवीर, सिद्धा सिंह, मनीष सहित लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

## ऑपरेशन शस्त्र के तहत अवैध तमंचे के साथ युवक दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम ने प्रीत विहार से ग्राम अच्छेजा मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र मदन निवासी धीरखेड़ाए थाना खरखौदाए जनपद मेरठ के रूप में हुई है। वर्तमान में वह ग्राम अच्छेजाए थाना हापुड़ नगरए जनपद हापुड़ में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि कि ऑपरेशन शस्त्र के तहत अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## महिलाओं की समस्याओं की होगी सीधी सुनवाई, 7 जनवरी को हापुड़ पहुंचेंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती मनीषा अहलावत 7 जनवरी 2026 को हापुड़ जनपद के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिलाओं से जुड़े मामलों की जनसुनवाई करेंगी और विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण भी करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में प्रातः 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में महिला उत्पीड़नए घरेलू हिंसाए पारिवारिक विवादए सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों सहित महिलाओं से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई में संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगेए ताकि शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया जा सके और पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत मिल सके। जनसुनवाई के उपरांत राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्रए बालिका एवं महिला गृह तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओंए पोषण व्यवस्थाए सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक दिशा.निर्देश भी दिए जाएंगे। महिला कल्याण विभाग की ओर से जनपद की महिलाओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रखेंए ताकि उन्हें समयबद्ध और प्रभावी समाधान मिल सके।

## गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के प्रयास से नवीन रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना को कैबिनेट ने दी मंजूरी



**पीलीभीत।** नये साल की शुरूआत में जिलें को एक नई सौगात मिली है। गन्ना विकास एंव चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के पूर्व में नवीन रोडवेज बस स्टेशन के भेजे गये प्रस्ताव पर राज्यमंत्रिमण्डल ने अपने मुहर लगा दी है और अब दियूनी केसरपुर में रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना एंव उसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में शासन को प्रस्ताव भेजा था जिसपर अब कैविनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। रोडवेज बस स्टेशन के निर्माण पर लगभग 921ण्90 लाख की लागत आयेगी और इसके लिए कचहरी से सटे दियूनीकेसर में 1ण्317 है0 भूमि अधिगृहित कर ली गई है जहॉ नवीन बस स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। बस स्टेशन का निर्माण लगभग 2 वर्ष के अन्दर किया जाना सम्भावित है उक्त भूमि परिवहन निगम को हस्तान्तरित किए जाने का प्रवधान किया गया है। नवीन बस स्टेशन के निर्माण से जहॉ शहर वासियों और आस.पास के जन समान्य को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी वही यात्रियों को बस स्टेशन के निर्माण से आधुनिक सुविधाओं के साथ.साथ अन्य रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होगे। बस अडडे के निर्माण में जन सामान्य एंव यात्रियों हेतु वेटिंग हालए आधुनिक टायॅलेटए कैनटीन विभिन्न स्ट्राल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**प्रदेश** कैविनेट ने प्रस्तावित नवीन बस स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है जो कचहरी से निकट दियूनी केसरपुर में बनेगा। इस नवीन बस अडडे के निर्माण से जहॉ यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी वहीं जन सामान्य को रोजगार की अवसर भी प्रदान होगें. संजय सिंह गंगवार गन्ना राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार।

## उद्योग बंधु बैठक के बाद एक्शन मोड में प्रशासन, कल औद्योगिक क्षेत्रों का होगा स्थलीय निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन ने अब ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। 29 दिसंबर 2025 को जिला. धिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक में उठाए गए मुद्दों पर अमल करते हुए 7 जनवरी 2026 को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। एमजीआर इंडस्ट्रियलिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धीरज तोमर ने बताया कि धौलाना औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को दोपहर 12रू30 बजे मसूरी.गुलावटी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र तथा दोपहर 3 बजे धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बिजलीए सिंचाईए निर्माणए पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उद्योगपतियों की समस्याओं को स्थल पर ही सुनें और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें।

## लाखों खर्च होने के बाद भी हापुड़ रोड़ पर छाया अंधेरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ रोड़ पर पालिका के लाखों रुपये खर्चा होने के बाद भी यहां पर अंधेरा छाया हुआ रहता है।

यहां पर आने जाने वाले लोगों को अंधेरे से होकर गुजरना पड़ता है। इसको लेकर कई बार लोगों की शिकायत की गईए लेकिन न तो पालिका अधिका. रियों ने सुनवाई की और न ही जनप्रतिण् निधि ने। यहां पर पालिका की ओर से लगाई गई लाखों रुपये की स्ट्रीट लाइट टूट कर गिर चुकी हैए खंभों का नामो. निशान भी मिट गए है। उसके बाद भी पालिका अधिकारी जागरुक नहीं है। जबकि इस मार्ग से नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों का काफी आवागमन होता है। साथ ही यहां पर अंधेरे के कारण हादसों का भी खतरा बना रहता है। नगर के हापुड़ रोड पर छाए रहने वाला अंधेरा स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ा मुद्दा है। क्योंकि यहां पर पिछले कई साल से अंधेरा छाया हुआ है। हालांकि यहां पर पालि. का की ओर से पथ प्रकाश की व्यवस्था कराई गई थीए लेकिन समय के बदलाव के साथ पथ प्रकाश बंद हो गईए अंधेरा छाया रहता है। शाम होते ही लोगों को यहां से गुजरने में भी डर लगता है। शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

**'क्या कहते हैं ,अधिकारी'**

नगर पालिका की ओर से अधिकांश स्थानों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की गई हैए यदि कहीं कोई शिकायत है तो उसको दूर करने का काम किया जाएगा। लोगों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रजवाहे की पटरी टूटने से खराब हुई फसल का किया निरीक्षण

**गढ़मुद्रेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव खिलवाई में शुक्रवार की सुबह रजवाहा पटरी टूटने से किसानों की सैंकडों बीघा फसल जलमग्न हो गई थी। किसानों ने पटरी को ठीक कराते हुए नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की। क्षेत्रीय लेखपाल ने गांव में पहुंच कर फसलों का निरीक्षण कर जांच की।इस दौरान उन्होंने जांच रिपोर्ट को उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कहीं है।

बता दें कि गांव खिलवाई के जंगल से होकर गुजर रहे रजवाहे की पटरी गांव निवासी किसान ब्रजेश सिंह के खेत के निकट से रजवाहे की पटरी शुक्रवार को टूट गई। पटरी टूटने से रजवाहे का पानी आस पास के किसानों के गेंहूए टमाटरए सरसो आदि फसल में जाकर भर गया। इस दौरान किसानों की फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई। मामले की जानकारी सिचाई विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों को रजवाहे की पटरी पर ही जमीन पर बैठा लिया था। इस दौरान फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की। हालांकि अधिकारियों ने इस प्रकार से होने वाले नुकसान की भरपाई न होने की बात कहीं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान कराने की बात कहीं है। अब हल्का लेखपाल नीति तोमर गांव में पहुंची और किसान निशांत त्यागीए गजेंद्र सिंह सोनू त्यागीए बंटी त्यागीए पम्मी त्यागीए नितिन त्यागीए धर्मेंद्र त्यागीए सुखवीर सिंह आदि की फसलों को हुए नुकसान की जांच करते हुए रिपोर्ट तैयार की। लेखपाल ने किसानों को बताया कि उनके द्वारा रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। उसके बाद ही जो निर्णय होगा उस पर अमल किया जाएगा।

## मोबाइल चोरी कर खाते से उड़ाए 25 हजार, आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी कर पीड़ित के खाते से ऑनलाइन नकदी निकालने की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 25 हजार रुपये नकद और चोरी किया गया मोबा. इल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। थाना साइबर क्राइम में दर्ज मुकदमा बीएनएस एवं 66सी आईटी एक्ट के मामले में पुलिस ने अभियुक्त अमित पुत्र कल्लू निवासी ग्राम दतेड़ीए थाना पिलखुवाए जनपद हापुड़ को निजामपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने थाना पिलखुवा क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी स्थित शिव मंदिर से एक मोबाइल फोन चोरी किया था। इसके बाद उसने चोरी किए गए मोबाइल में पेटीएम ऐप डाउनलोड कर पीड़ित के खाते से ऑनलाइन माध्यम से नकदी निकाल ली। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 25 हजार रुपये नकद और एक रियलमी मोबाइल फोन बरामद किया है।

## डा. रमीज की तलाश में लखनऊ पुलिस का कस्बा न्यूरिया में छापा संपत्ति की जांच की

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** केजीएमयू की महिला रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही धर्मांतरण कराकर निकाह करने का दावा करने वाली नोएडा की महिला डॉक्टर के बयान के बाद डॉण् रमीज के माता.पिता को चौक पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके बयानों को भी पुलिस ने विवेचना में शामिल कर लिया है। डॉक्टर की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार डॉक्टर की उत्तराखंड और यूपी की संपत्तियों का ब्योरा खंगाल रही है। इसी सिलसिले में बीती रात लखनऊ चौक कोतवाली पुलिस नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर के मोहल्ला मोहम्मद यार खां पहुंची

यहां पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ कीए फरार चिकित्सक का कोई सुराग ना लगने पर पुलिस ने उत्तराखंड के खटीमा पहुंचकर भी उसके पुश्तैनी आवास पर दबिश दीए लेकिन कोई सुराग नहीं लग सकाए जिस कारण पुलिस टीम वापस लौट गईण् बताते हैं कि फरार चल रहे केजीएमयू के डॉक्टर रमीज ने कस्बा न्यूरिया के मोहल्ला मोहम्मद यार खां में अपना घर दान दे दिया हैए जबकि उत्तराखंड के खटीमा में उसका पुश्तैनी घर है जिसमें किराएदार रहते हैं लखनऊ पुलिस को वहां भी कोई सफलता नहीं मिल सकी और पुलिस टीम वापस लौट गईण् पुलिस उपायुक्त ;पश्चिमद्ध विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि डॉण् रमीज के पिता मूल रूप से उत्तराखंड के खटीमा निवासी डॉण् सलीमुद्दीन और मां खतीजा को गिरप्तार किया गया है। सलीमुद्दीन होम्योपैथिक चिकित्सक और उनकी पत्नी खतीजा गृहिणी हैं। दोनों पीलीभीत के न्यूरिया कस्बे के मोहल्ला मोहम्मद यार खां में रहते थे। कुछ दिन से लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित हुसैनाबाद में मुमताज कोर्ट अपार्टमेंट में रह रहे थे। यहीं से दोनों को साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

## 24 घंटे में चांदी व्यापारी हत्याकांड का खुलासा, सगे भतीजे ने की थी हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** महानगर के थाना गोविंदनगर पुलिस एवं स्वाट टीम ने 24 घंटे के भीतर व्यवसायी की हत्या एवं लूट की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये मूल्य की चांदी, सोना, नगदी, आलाकत्ल तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई है। आरोपी मृतक का सगा भतीजा है जोकि आन लाइन सट्टा में काफी धनराशि गंवा चुका था। 5 जनवरी सोमवार को तेलीपाड़ा, लाल दरवाजा नि. सतीश चंद्र गर्ग की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर घर से सोने–चांदी के आभूषण, नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी द्वारा छह अलग–अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच एवं गोप. नीय सूचनाओं के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जिसमें एक संदिग्ध की भूमिका सामने आई। 6 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे पुलिस टीम ने हनुमान मंदिर के पास वृंदावन–मथुरा रोड से लाला उर्फ रितेश पुत्र बाबूलाल अग्रवाल निवासी गुरुकृपा संगम, थाना गोविंदनगर, मथुरा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में लाला उर्फ रितेश ने बताया कि मृतक सतीश चंद्र गर्ग उसका सगा फूफा था। वह ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट पर जुए का आदी था और लगातार हार के कारण उस पर करीब 35 लाख रुपये का कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने और धन प्राप्त करने के लालच में उसने अपने फूफा की हत्या की योजना बनाई। अभियुक्त ने बताया कि एक दिन पहले उसने हत्या के लिए सुआ नुमा हथियार खरीदा था। वह स्कूटी से मृतक के घर पहुंचा और बातचीत के दौरान मौका पाकर सुआ से कनपटी पर वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद वह घर से चांदी, सोना, नगदी और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। लूटे गए माल को ठिकाने लगाने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## छेड़छाड़ से तंग छात्रा पढ़ाई छोड़ने को मजबूर

**गुढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी छात्रा ने एक युवक पर कालेज जाने के दौरान पीछा करनाए घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी की हरकत से वह पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर हो गई है। एएसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं है। मोहल्ल्ला निवासी छात्रा ने बताया कि उनके ही पड़ोसी मकान में रहने वाला एक युवक उसको कालेज आने जाने के दौरान छेड़छाड़ करता है। कई बार आरोपी उसका कालेज तक पीछा कर चुका।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को धौलाना पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने नाबालिग को बहला.फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में वांछित एवं नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पर दर्ज मुकदमा बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त असद पुत्र मोहम्मद जीशान को ग्राम खिचरा अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मूल रूप से ग्राम करूलाए थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद का निवासी है।

# एसआईआर के बाद जिले में 1.81 लाख वोटर कम

## जिलाधिकारी ने किया विधानसभा मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन, मतदाता सूची पुनरीक्षण का आगाज, राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डीएम श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने नगर के जेएस डिग्री कालेज में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी दलों को मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी और बिना फोटो वाली पीडीएफ प्रति उपलब्ध कराई गई।

**6 फरवरी तक दावे-आपत्तियां, 6 मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन**

डीएम ने बताया कि आज से 6 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। इसके बाद 27 फरवरी 2026 तक सभी दावों व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को होगा। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश पर 11 जनवरी 2026 को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची का वाचन करेंगे। जो नागरिक 01 जनवरी 2026 को मतदाता बनने की अर्हता पूरी करते हैं, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम दर्ज करा सकते हैं। संशोधन, पता परिवर्तन, दिव्यांग चिन्हांकन के लिए फॉर्म-8, प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म-6क और आपत्ति दर्ज कराने हेतु फॉर्म-7 जमा किया जा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह, भाजपा जिला महामंत्री श्री चंद्रभान सिंह, सपा अध्यक्ष श्री मस्तराम सिंह यादव, कांग्रेस प्रतिनिधि श्री फैज आलम राईनी, बसपा प्रतिनिधि श्री जफर महमूद अब्बासी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**अमरोहा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कराए गए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के बाद अमरोहा जिले की चारों विधानसभा सीटों की मतदाता सूची में बड़ा बदलाव सामने आया है। पुनरीक्षण से पहले जिले में कुल 13 लाख 70 हजार 374 मतदाता दर्ज थे, जबकि अब जांच और अपात्र नाम हटाए जाने के बाद यह संख्या घटकर 11 लाख 89 हजार 197 रह गई है। यानी जिले भर में 1 लाख 81 हजार 177 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार यह कटौती 28 हजार 124 लोगों की मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरित होने, अनुपस्थित, पता न चलने, दोहरे नामांकन और अन्य कारणों से की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची से नाम हटने के प्रमुख कारणों में मतदाता की मृत्यु लंबे समय से अनुपस्थित या पता न चलना, स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरण, पहले से किसी अन्य स्थान पर नाम दर्ज होना अन्य तकनीकी कारण शामिल हैं।

### विधानसभावार स्थिति

**मंडी धनौरा-39**

धनौरा विधानसभा में पहले 3,48,805 मतदाता दर्ज थे। पुनरीक्षण के बाद 58,455 नाम हटाए गए, जिससे अब मतदाताओं की संख्या 2,90,350 रह गई है। यह जिले में सबसे अधिक कटौती वाली सीट रही।

**नौगांवा सादात-40**

इस विधानसभा में पहले 3,32,968 मतदाता थे। विशेष पुनरीक्षण के बाद 33,718 नाम काटे गए, जिसके बाद वर्तमान मतदाता संख्या 2,99,250 हो गई है।

**अमरोहा-41**

अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में पहले 3,15,199 मतदाता पंजीकृत थे। जांच के दौरान 43,009 नाम अपात्र पाए गए, जिससे अब मतदाता संख्या घटकर 2,72,190 रह गई है।

**हसनपुर-42**

हसनपुर विधानसभा में पहले 3,73,402 मतदाता दर्ज थे। पुनरीक्षण के बाद 45,995 नाम हटाए गए, और अब यहां 3,27,407 मतदाता शेष रह गए हैं।

# हादसे में दम्पति व पुत्रवधु घायल

### क्रेटा में पीछे से स्विफ्ट ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** टायर फटने से अनियंत्रित हुई क्रेटा पीछे से स्विफ्ट कार में जा घुसी। हादसे में नोएडा से बरेली जा रहे स्विफ्ट सवार दंपति व पुत्रवधू गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में क्षतिग्रस्त दोनों कारों को कब्जे में लेकर क्रेन की मदद से कोतवाली में खड़ा करा दिया। देर शाम तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना में मंगलवार दोपहर हुआ। सर्विस रोड से हाइवे की तरफ आ रही क्रेटा कार का अचानक टायर फट गया। इसके बाद अनियंत्रित हुई क्रेटा नोएडा से बरेली जा रही स्विफ्ट कार में जा घुसी। हादसे में स्विफ्ट में सवार महिपाल व उनकी पत्नी सलरा देवी व पुत्रवधू वर्षा गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तीनों घायलो को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने वर्षा देवी व सरला देवी को मुरादाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहनो को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि घटना में कोई तहरीर नही मिली हैं। तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

### तेलीपुरा माफी में मस्जिद विवाद ने लिया हिंसक रूप, कई घायल, 15 साल पुराना समझौता टूटा,

# नई परम्परा को लेकर देवबंदी-बरेलवी भिड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा के तेलीपुरा माफी गांव में मस्जिद में नई परंपरा शुरू करने को लेकर देवबंदी और बरेलवी पक्षों में मारपीट हो गई। धारदार हथियार, लाठी-डंडे और तमंचे से हुए हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और घायलों को अस्पताल भेजा।मस्जिद में नई परंपरा को लेकर देवबंदी और बरेलवी पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हो गया। लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तमंचे से मारपीट कर एक दूसरे को लहूलुहान कर दिया। पथराव कर जानलेवा हमला किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात संभाले। मामले में चार सगे भाइयों समेत दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस तैनात की गई है। यह मामला अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के तेलीपुरा माफी गांव का है। यहां पर देवबंदी और बरेलवी के लोग रहते हैं। दोनों पक्षों के बीच वर्षों से मस्जिद को लेकर विवाद चल रहा है। पंद्रह साल पहले दोनों पक्षों में मस्जिद के भीतर कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं करने की सहमति बनी थी। तभी से विवाद शांत था। देवबंदी के ताल्लुक रखने वाले गांव निवासी जुबेर अहमद सोमवार को फज्र की नमाज अदा करने मस्जिद गए थे। नमाज के बाद बरेलवी से संबंध रखने वाले तसद्दूक उर्फ इमरान, सिकंदर, अल्ताफ, इलियास, शाहिद, फिरोज, अजनबी, नूर, अलाउद्दीन ने मस्जिद में नई परंपरा शुरू कर दी। जैसे ही जुबेर अहमद ने विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार, तमंचे और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर जुबेर अहमद के परिवार के लोग मौके पर आ गए। तभी आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और पथराव शुरू कर दिया। घटना में जुबेर अहमद और उनके परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही अमरोहा देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन इससे पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल से भीड़ को खदेड़ कर बिगड़ते हालात संभाले और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में तसद्दुक उर्फ इमरान, सिकंदर, अल्ताफ, इलियास, साजिद, शाहिद, फिरोज, अजनबी, नूर, अलाउद्दीन के खिलाफ हत्या की कोशिश व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों में तसद्दुक उर्फ इमरान, सिकंदर, अल्ताफ, इलियास सगे भाई हैं।

**चार सगे भाईयों समेत दस लोगों पर रिपोर्ट**

# मिठाई की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

### एक सप्ताह में दूसरी बार चोरी का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बेखौफ चोर कलक्ट्रेट के सामने स्थित मिठाई की दुकान का शटर काटकर नकदी समेत हजारों रुपये की कीमत का सामान चुरा कर ले गए। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित दुकानदार ने फुटेज के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। घटना कलक्ट्रेट के सामने स्थित मार्केट की है। क्षेत्र के गांव रायपुर खुर्द निवासी मोहम्मद इमरान की मार्केट में मिठाई की दुकान है। बीती एक जनवरी की रात करीब 10 बजे मोहम्मद इमरान रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रात में किसी समय चोरों ने दुकान का शटर काट लिया। अंदर घुसने के बाद गल्ले में रखी 5 हजार रुपये की नकदी के अलावा भगोने व अन्य कीमती सामान चुरा लिया। वारदात अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए। मोहम्मद इमरान को घटना की जानकारी अगले दिन दुकान पहुंचने पर हुई। दुकान के भीतर जाकर देखा तो सामान गायब देख होश उड़ गए। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई जा रही है। चोरी की घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि थाना पुलिस अभी तक ऑफिसर्स कॉलोनी में न्यायालय के अर्दली रामचंद्र पांडे के सूने घर में हुई 37 लाख की चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

# अवैध नर्सिंग होम का ग्राइंडर से काटा ताला

### ओटी में चलता मिला ऑपरेशन, स्वास्थ्य विभाग को खुली चुनौती, सील तोड़कर मरीजों पर चलाई गई सर्जिकल कैंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को ठेंगा दिखाते हुए अवैध रूप से संचालित बिजनौर नर्सिंग होम के संचालक ने सील लगे ऑपरेशन थिएटर में ही ऑपरेशन करा डाले। सील तोड़ने की यह सनसनीखेज घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर को नगर के शेरपुर मार्ग स्थित बिजनौर नर्सिंग होम में अवैध रूप से संचालित ऑपरेशन थिएटर को सील किया गया था। मंगलवार दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां देखा गया कि नर्सिंग होम संचालक ने सील लगे ऑपरेशन थिएटर का लोक ग्राइंडर मशीन से काट दिया था और भीतर धड़ल्ले से ऑपरेशन कराए जा रहे थे। टीम जब ऑपरेशन थिएटर के दरवाजे तक पहुंची तो कटे हुए लॉक को देखकर अधिकारी भी सन्न रह गए। छापेमारी के दौरान ऑपरेशन के जरिए प्रेशर कराए गए दो मरीज अस्पताल में भर्ती मिले। ऑपरेशन थिएटर का दरवाजा खुलते ही नर्सिंग होम संचालक मौके से फरार हो गया। स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध नर्सिंग होम को दोबारा सील कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर की सील तोड़ने के मामले में नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान बछरायूं की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना, फार्मासिस्ट शैली यादव, कस्बा चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार, विनोद कुमार, अभिषेक वर्मा, संदीप सैनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## चकरोड पर ट्रैक्टर चलाकर किया कब्जा

**गजरौला।** पैमाइश कराके कब्जामुक्त कराई गई चकरोड को फिर से कब्जा करके ट्रेक्टर से जोत दिया गया, साथ ही खेत में खड़ी फसल को भी बर्बाद कर दिया। किसान ने आरोपितों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी सोलू सिंह द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर में आरोप है उसके खेत पर जाने वाली चकरोड को कुछ लोगों ने कब्जा करके अपने खेत में मिला लिया, जिसको बाद उसने हसनपुर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा, जिसके बाद 05 जनवरी 2026 को उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार राजस्व टीम ने पैमाइश करके कब्जा दिलाया। आरोप है कि 05 जनवरी की रात को ही आरोपितों ने चकरोड को जोतकर कब्जा कर लिया और खेत में खड़ी फसल को भी बर्बाद कर दिया।

# हाइवे पार करते मोची को वाहन ने रौंदा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** हाईवे पर सड़क पार करते समय 55 वर्षीय मोची बब्बन की हादसे में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक बब्बन शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान के निवासी थे। परिवार में पत्नी माया के अलावा एक बेटी है। पुलिस के मुताबिक बब्बन मंगलवार को डिडौली में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में जूते-चप्पल ठीक करने का काम करने आए थे। शाम को बब्बन घर लौटने के लिए डिडौली में हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान मुरादाबाद की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बब्बन गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।



# पानी की शुद्धता परखने को लिए नमूने



### ईओ ने कई स्थानों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने शहर के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित् करने के लिए विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए भेजा है।

मंगलवार को जल के नमूने परीक्षण के लिए एकत्र कर उनका मौके पर ही परीक्षण कराया गया। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की प्रदेश वासियो को निकायों द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास विभाग द्वारा आदेश जारी करके वर्तमान मे निकायों द्वारा की जा रही जल आपूर्ति की शुद्धता एवं मानको के प्रमाणी करण के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर जल के नमूने लिए गये। पालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया की मौहल्ला पक्का बाग में शवाब की दुकान के आगे लगी टंकी, बिजनौर रोड पर अटल चौक के समीप शराफत की दुकान के आगे लगी पानी की टंकी, मौहल्ला बटवाल मे मंदिर के आगे लगी टंकी, मौहल्ला नियारियांं मे सरकारी अस्पताल के आगे लगी टंकी मे पानी के टी.डी एस, व क्लोरिनेशन की जाँच की गयी। इसके अतिरिक्त मौहल्ला अहमदनगर, मौहल्ला कटकुई, मौहल्ला अफगानान, मोहल्ला तकिया हुसैन शाह आदि मे भी सरकारी पानी की टंकी / कनेक्शन के पानी का टी डी एस, / पी एच / क्लोरी नेशन टेस्ट किये गए। उक्त समस्त परीक्षण टेस्ट मे मानक के अनुरूप पाये गये।

# अम्बेडकर पार्क का निर्माण पुलिस ने रुकवाया

### विवादित भूमि पर निर्माण का विरोध, काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली में साप्ताहिक मंगल बाजार से संबंधित भूमि पर डा.भीमराव आंबेडकर पार्क का निर्माण शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। विवादित भूमि पर मंगलवार को निर्माण शुरू होते ही स्थानीय लोग विरोध उतर आए। शिकायती पत्र मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण रुकवा दिया। स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, उनके निर्देश पर ही मामले में अग्रिम कार्रवाई की बात पुलिस स्तर पर कही जा रही है।

दरअसल, जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत डिडौली में कुछ सरकारी भूमि है। बताया जा रहा है कि विवाद अदालत में भी विचाराधीन है। इसी भूमि पर मंगलवार का साप्ताहिक बाजार लगता है। बीते कई साल से इस भूमि पर डॉ.भीम राव आंबेडकर पार्क का निर्माण कराने को लेकर प्रयास किए जा रहे थे। इसी कड़ी में अचानक बिना किसी आदेश भूमि पर पार्क का निर्माण शुरू करा दिया गया। इसकी खबर मिलते ही स्थानीय लोग विरोध में उतर आए। मौके पर हंगामा होने लगा। इसके बाद लोग एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी स्थिति से अवगत करा दिया। शिकायती पत्र मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विरोध को देखते हुए पार्क का निर्माण रुकवा दिया। इस दौरान सौरभ ठाकुर, रामकिशोर सिंह, अमर पाल सिंह, सचिन शर्मा, रविंद्र सिंह, हरिओम सिंह, नितिन कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि विवाद को देखते हुए निर्माण रुकवाया गया है। उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। उनके निर्देश पर अगली कार्रवाई की जाएगी।



# कमरे में घुसकर युवती से छेड़छाड़

### विरोध पर हत्या की धमकी, दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के एक गांव से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गांव निवासी लगभग 19 वर्षीय युवती ने गांव के ही युवक पर जबरन कमरे में घुसकर छेड़छाड़ करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के मुताबिक दो जनवरी की रात करीब 12:30 बजे पीड़िता अपने घर में अपनी बहन और भतीजी के साथ सो रही थी। उसी दौरान गांव निवासी यूनुस कमरे में घुस आया और मुंह दबाकर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर बहन जाग गई और उसने शोर मचा दिया। आवाज सुनकर दूसरे कमरे में सोई भाभी मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि यूनुस ने उन्हें धक्का देकर बाहर कर दिया और मौके से भाग गया। पीड़िता ने यह भी आरोप है कि घर के बाहर यूनुस का दोस्त फरमान मौजूद था। दोनों ने जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। घटना की शिकायत करने जब पीड़िता के माता-पिता आरोपी के ताऊ के पास पहुंचे तो आरोप है कि उन्होंने यूनुस के पिता के आने के बाद बात करने की बात कहकर पीड़िता के माता-पिता को घर से भगा दिया। पीड़िता ने खुद को बेहद परेशान बताते हुए थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ अवधभान भदौरिया का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# मन्दिर की सफाई करते समय आया चक्कर, फर्श पर गिरने से प्रोपटी डीलर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कड़ाके की ठंड के बीच मंगलवार सुबह मंदिर की सफाई करते समय अचानक चक्कर आने से फरस पर गिरे एक प्रोपर्टी डीलर की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

धनौरा थाना क्षेत्र के गांव पत्थरकुटी में रेलवे क्रासिंग के पास रहने वाले रमेश सैनी रोजाना की तरह सुबह करीब तीन बजे पत्नी के साथ प्राचीन शिव मंदिर में साफ-सफाई और पूजा-पाठ करने पहुंचे थे। मंदिर की धुलाई के दौरान अचानक उन्हें चक्कर आया और वह वहीं फरस पर गिर पड़े। पति को गिरता देख पत्नी घबरा गई और शोर मचाया, जिस पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजन रमेश सैनी को तत्काल पास के एक चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। कड़ाके की ठंड में हृदयाघात की आशंका अधिक रहती है। रमेश सैनी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और गांव में सरल स्वभाव व सेवा भाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर फैलते ही गांव में शोक छा गया और घर पर सांत्वना देने वालों की भीड़ जुट गई। वह अपने पीछे दो शादीशुदा बेटों का परिवार छोड़ गए हैं। उधर, धनौरा सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल कुमार ने लोगों से अपील की है कि ठंड के मौसम में हृदय रोगी, ब्लड प्रेशर व शुगर के मरीज विशेष सावधानी बरतें, सुबह अधिक ठंड में बाहर निकलने से बचें और नियमित दवाइयों के साथ शरीर को गर्म रखें।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 2505 वाहनों की जांच

## अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन निगरानी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 04 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहस. ीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर कुल 09 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1343 वाहनों की जांच की गई।



इसी प्रकार 05 जनवरी 2026 को भी जनपद की सभी तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1162 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 10 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमें 02 ओवरलोड वाहनों पर खनिज विभाग द्वारा तथा 08 वाहनों पर एआरटीओ द्वारा चालान की कार्रवाई की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग से संबंधित किसी भी गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# नगर अलाव व्यवस्था नहीं सभासदों ने की जिला अधिकारी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे अलाव नही जलाया जा रहा है जिसको लेकर सभासदो ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर कर अलाव जलवाने की मांग की है।

वही एक प्रती लिपी नगर पंचायत अधीशासी अधिकारी सचिन कुमार को दी गई है सभासदो ने भेजे शिकायत पत्र मे कहा है कि वर्तमान मे नगर पंचायत मसवासी मे 13 बार्ड है जिसमे मात्र चार जगह ही अलाव जलाया जा रहा है जब कि बाकी बार्डो मे कोई अलाव जलाने की व्यवस्था नही है कड़ाके की ठंड के कारण नागरिको बच्चो व बुजुर्गो का बुरा हाल है। वहीं यात्रीगण का भी बुरा हाल है ठंड से बचाव के लिए दुकान दार कूड़ा करकट जलाकर अपना ठंड से बचाव कर टाइम बिता रहे है।



वही सभासदो ने बताया जब इसकी शिकायत अधिशासी अधिकारी से की गई तब उन्होंन कहा कि जिला अधिकारी के आदेशो का पालन किया जा रहा है चार जगह ही नगर मे अलाव जलाने का आदेश दिया गया है शिकायत करने वालो मे मोहम्मद इरशाद साहिबा नूर अनिल कुमार भगवती देवल आदि सभासद शामिल रहे।

# मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर बेसिक शिक्षा अधिक. ारी, रामपुर को ज्ञापन सौंपा।

समिति के प्रदेश प्रवक्ता परवेज अख्तर एडवोकेट ने बताया कि आरटीई अधिनियम के अंतर्गत विद्यार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे विद्यालयों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि लंबित भुगतान शीघ्र कराया जाए।

ज्ञापन में अर्ध सत्र में बिना स्थानांतरण प्रमाण पत्र ॾटीसीॠ के प्रवेश पर रोक लगाने, कक्षा 1 से 8 तक यू-डायस ॾयू।डी।आई।एस।ईॠ पोर्टल पर छात्रों का डाटा भरने की स्वतंत्रता देने तथा परिषदीय विद्यालयों की तर्ज पर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भी बाल वाटिका संच. ालन की अनुमति देने की मांग की गई।



इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा विद्यालय संचालकों को अनावश्यक रूप से बुलाने, मान्यता समाप्त करने की धमकी देने एवं डाटा सत्यापन के नाम पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

समिति ने अपार आईडी अपार आईडी बनाने को लेकर विद्यालयों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव को भी अनुचित बताया और कहा कि कई अभिभावक आधार व मोबाइल नंबर साझा नहीं करते, ऐसे में विद्यालयों पर कार्रवाई की चेतावनी देना न्यायसंगत नहीं है।

बीएसए ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत जनपद में उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े प्रति. निधियों के लिए एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं सुरक्षित यातायात को प्रोत्साहित करना रहा।

गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा उपस्थित व्यापारियों एवं उद्यमियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन, दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से जागरूक किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्योग बंधुओं एवं व्यापारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा समाज में सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।




इस अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी, अरविन्द्र गुप्ता, पप्पू सहित तहसील स्तर के समस्त व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्योग बंधु उपस्थित रहे।

# सीडीओ का औचक निरीक्षण, बिना अनुमति अनुपस्थितों पर दो दिवस का वेतन कटौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने विकास भवन में स्थापित समस्त कार्यालयों का अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन किया गया तथा कार्यालयों की उपस्थिति पंजिकाओं का गहन अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के समय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिक. ारीध्जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला युवा कल्याण अधिकारी तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों से अनुपस्थित पाए गए। वहीं जिला कृषि अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित मिले।



निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति समय से अंकित नहीं की गई थी तथा अवकाश प्रकरणों में सक्षम अधिकारी से स्वीकृति अंकित नहीं थी। कुछ कर्मचारियों के संबंध में बिना समुचित अंकन के अनुपस्थिति पाई गई, जबकि कुछ कर्मचारियों के प्रशिक्षणध्यात्रा पर होने का उल्लेख उपस्थिति पंजिका में दर्ज पाया गया।

विभिन्न कार्यालयों में उपस्थिति पंजि. काओं के अवलोकन के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि कुछ कर्मचारी पूर्व तिथियों से बिना समुचित अभिलेखीय प्रविष्टि के अनुपस्थित चल रहे हैं, जो शासकीय कार्यप्रणाली के अनुरूप नहीं है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि उपस्थिति पंजिकाओं का संधारण शासनादेशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए, बिना स्वीकृति के अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाए तथा

भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, अनुपस्थित पाए गए अधिकारियोंध्कर्मचारियों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# सैफनी में एटीएम संकट से नागरिक परेशान, नगर पंचायत बनने के बाद भी नहीं सुधरी बैंकिंग व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर पंचायत का दर्जा मिले काफी समय बीत चुका है, लेकिन नगर की मूलभूत बैंकिंग सुविधाएं आज भी बदहाल स्थिति में हैं। नगर में चार बैंक संचालित हैं, जिसमें स्टेट बैंक, बड़ौदा बैंक, प्रथमा बैंक, जिला सहकारी बैंक परंतु एटीएम की संख्या मात्र तीन है। इनमें भी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

सबसे ज्यादा परेशानी जिला सहकारी बैंक के एटीएम को लेकर है, यह एटीएम लंबे समय से ह्सो फीसह् ॾसेवा शुल्कध्सर्विस बंदॠ का बोर्ड लगाए रहता है और अधिक. ांश समय उसमें नकदी उपलब्ध नहीं रहती। परिणामस्वरूप खाताधारकों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। बही बुरा हाल स्टेट बैंक का है जो शाहबाद मार्ग पर स्थित है

एटीएम में नकदी न होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और मजदूर वर्ग को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम बैंक परिसर के अंदर है। कई लोगों को मजबूरी में दूर-दराज के कस्बों में जाकर पैसा निकालना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद सुविधाओं में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन एटीएम जैसी बुनियादी व्यवस्था पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने बैंक प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि एटीएम में नियमित रूप से नकदी उपलब्ध कराई जाए और नगर में अतिरिक्त एटीएम की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो नागरिकों में आक्रोश बढ़ सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।




# मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तिलक नगर कॉलोनी स्थित कार्यालय से एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां संगठन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट शालिक राम को मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर जिला चिकित्सालय में 600 बेड के पूर्ण रूप से राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग व्यापार मंडल द्वारा लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला चिकित्सालय रेफर केंद्र बनकर रह गया है, जहां किडनी, लीवर, ब्रेन हेमरेज जैसे गंभीर रोगों के मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और उन्हें मुरादाबाद, बरेली, गुड़गांव व दिल्ली रेफर कर दिया जाता है।



उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज में देरी और दूरी के कारण कई गरीब मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। व्यापार मंडल ने इस मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से दो बार वार्ता की, जिस पर 600 बेड के मेडिकल कॉलेज की स्थापना के आदेश भी जारी किए गए थे, लेकिन अज्ञात कारणों से कार्य को जानबूझकर लटकाया जा रहा है।

व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं की गई तो जनपद की जनता को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, पप्पू खां, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, अब्दुल बासित, अनवर अली, अनस खां, राजू गुप्ता, शाहरुख, कमल जोशी, विपुल रस्तोगी, सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आवारा पशुओं को लेकर भाकियू भानू का प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के दर्जनों पदा. धिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और आवारा पशुओं की समस्या को लेकर रोष जताया। संगठन ने इस संबंध में एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसलें लगातार नष्ट हो रही हैं। सरकार द्वारा आवारा पशुओं की व्यवस्था के लिए पर्याप्त धन भेजा जा रहा है, लेकिन उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर जिले में आवारा पशुओं से टकराने के कारण अब तक किसान, मजदूर और व्यापारियों की दर्जनों मौतें हो चुकी हैं।

वारसी ने कहा कि कुछ लोग गौ माता के नाम पर किसानों और मजदूरों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। यदि कोई किसान अपने खेत से आवारा पशुओं को बाहर निकालता है तो उसकी वीडियो बनाकर उससे पैसे मांगे जाते हैं, न देने पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। शाहाबाद और कैमरी थाना क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि गरीब किसानों और मजदूरों को बेवजह परेशान न किया जाए और ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा जनपद में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

बार अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह मट्टू ने कहा कि वे वकील होने के साथ-साथ किसान भी हैं और फसलों को उजड़ने नहीं देंगे। उन्होंने आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में भेजने की मांग की, ताकि हादसों और पशुओं की मौत पर भी रोक लग सके। ज्ञापन देने वालों में अकील खान, रामप्रसाद, शकील अहमद, अकरम खान, भोलाराम, जमुना प्रसाद, रामस्वरूप, होरीलाल, अनोखेलाल, श्याम मोहन पांडे, राज. कुमार शर्मा, हड़ताल सिंह यादव, फरहत अली खान सहित अन्य पदा. धिकारी व किसान मौजूद रहे।



# संत गाडगे महाराज को भारत रत्न, जन्मदिवस पर अवकाश व रामपुर में स्मारक निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक विजयपाल सिंह दिवाकर जिला महासचिव के पहाड़ी गांव स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में दिवाकर समाज के गणमान्य नागरिकों एवं संगठन के पदाधिका. रियों ने सहभागिता की और समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, शराब सेवन और मृत्यु भोज जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए व्यापक जन-जागरण की आवश्यकता है। इसके लिए गांव-गांव जाकर संत गाडगे महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। वक्ताओं ने संत गाडगे बाबा के संदेश एक रोटी कम खाओ, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाओ को अपनाने पर जोर देते हुए शिक्षा को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण का आधार बताया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे चरन सिंह जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने कहा कि स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज ने अपने जीवन में गरीबों, मजदूरों, असहाय, दिव्यांग एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए सराय, विद्यालय, विश्वविद्यालय, धर्मशालाएं, अन्नक्षेत्र और गौशालाओं का निर्माण कराया। उनके जनकल्याणकारी कार्यों से आज भी समाज लाभान्वित हो रहा है।



उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचारों से प्रेरित होकर ही देश में स्वच्छता मिशन को गति मिली है।

बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रमुख मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया। संत गाडगे महाराज को उनके जनकल्याणकारी कार्यों के लिए मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान किया जाए। संत गाडगे महाराज के जन्मदिवस पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। जनपद रामपुर में संत गाडगे महाराज का स्मारकध्पार्क निर्माण कराया जाए। इन तीनों मांगों को ध्वनि मत से पारित करते हुए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया।

इसी क्रम में चरन सिंह जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट सालिग राम को सौंपा गया।

ज्ञापन देने वालों में रघुवीर शरण कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार जिला महासचिव, दिनेश दिवाकर जिला संरक्षक, महेश दिवाकर, सुमित दिवाकर, विशाल दिवाकर, कृपाल सिंह दिवाकर, नन्नू सिंह दिवाकर, रिंकू सिंह दिवाकर, ओमप्रकाश दिवाकर, रामबाबू दिवाकर, मुनेश कुमार एडवोकेट, विजयपाल सिंह दिवाकर, परमजीत सिंह एडवोकेट, रामवीर सिंह

एडवोकेट, गुलशन कुमार दिवाकर जिला उपाध्यक्ष, कपिल एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जंगल में जली हुई लावारिस बाइक एक बाईक पुलिस की जांच जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम जटपुरा के जंगलों में लाबारिस अवस्था में मिली बाईक मिली जानकारी अनुसार जटपुरा गांव निवासी सुरेंद्र चौधरी को खेत पर काम कर रहे किसानों ने सूचना दी कि जटपुरा गांव के जंगल में चकरोड के समीप जली हुई अवस्था एक बाईक खड़ी हुई है। जिसकी सूचना पुलिस को दी थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर जली बाईक को अपने साथ थाने ले आए थाना प्रभारी ने बताया कि अभी इस लावारिस जली हुई बाईक की जांच की जा रही है।

# लड़की को भगा ले जाने वाले युवक व उसके परिवार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक एक लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद लड़की के पिता ने युवक व उसके परिवार पर लड़की को भगाने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने युवक सहित पांच लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम खिरना निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि दिनांक 4-5 की रात में कमल हसन उम्र लगभग 25 वर्ष उसकी 19 साल की लड़की को अपने साथ भगा ले गया।

आरोप है कि लड़की को भगाने में युवक के घर वालों का भी हाथ है। लड़की के न मिलने पर उसके पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के तहत आरोपी युवक कमल हसन समेत नाजिम उम्र 23 वर्ष, जाफर हुसैन पुत्र 20 वर्ष, पुत्रगण अब्दुल हसन व लड़के की माँ व वहन समस्त निवासीगण ग्राम लक्ष्मियापुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

उधर बताया जाता है कि प्रथम पक्ष के लड़के की द्वितीय पक्ष के पास में ससुराल है, जहां पर लड़की रहती थी।

# डीएम ने की सीलिंग भूमि की समीक्षा

**अवैध कब्जे हटाने और सुरक्षित करने के निर्देश दिए**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और जिले के अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में डीएम ने नगर सीलिंग भूमि की स्थिति की समीक्षा की।

डीएम ने बीडीए और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक टीम गठित करें। इस टीम का कार्य सीलिंग की भूमि को चिन्हित करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीलिंग की रिक्त भूमि पर बोर्ड लगाकर उसे सुरक्षित किया जाए। इसके अतिरिक्त, डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि सीलिंग भूमि पर कोई अवैध कब्जा पाया जाता है, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने अवैध कब्जों को तत्काल नियमानुसार हटवाने का भी आदेश दिया।

# डीएम ने मतदाता पंजीकरण अभियान का किया शुभारम्भ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के आलेख प्रकाशन एवं मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारम्भ किया। यह कार्यक्रम रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जहाँ विशेष पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर 'हर वोट जरूरी है' का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से, जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने और लोकतंत्र के महायज्ञ में वोट के रूप में अपनी आहुति डालने का आग्रह किया। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुए लो. कतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने मेडिकल कॉलेज के छात्रों को फॉर्म-6 भरकर नए मतदाता बनने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जबकि जीजीआईसी की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर एक गीत प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने इन छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज परिसर में एक मतदाता पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, ए.सी.एम. विजय, ए.सी.एम. गुलाब सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, उप जिलाधिकारी सदर और रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के डॉ. केशव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

# किशोरी व उसकी मां से मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के ग्राम वरौर में किशोरी और उसकी मां के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता मोरकली पत्नी मदनलाल की तहरीर पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। तहरीर में बताया गया था कि 11 जनवरी को दोपहर के समय उसकी पुत्री रोशनी बकरियां चराने गई थी, जहां बच्चों के आपसी विवाद के बाद मामला बढ़ गया। इसके बाद शाम के समय जब किशोरी परचून का सामान लेने गई, तो गांव के कुछ लोगों ने उसे रोककर डंडों से मारपीट की। घटना में किशोरी के सिर में चोट आई, जिससे उसे सुनने में परेशानी होने लगी। सूचना पर मौके पर पहुंची मां के साथ भी मारपीट किए जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने घटना के बाद किशोरी का मेडिकल परीक्षण भी कराया था।

प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव के अनुसार मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# आठ जनवरी को चलेगा सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे पर बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लेखपाल ने कब्जेदारों को थमाया नोटिस**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर में बेशकीमती सरकारी भूमि पर चले आ रहे अवैध कब्जे पर 8 जनवरी को बुलडोजर चलेगा। इसको लेकर लेखपाल ने कब्जेदारों को नोटिस पकड़ाते हुए सरकारी नौकरी को खाली करने की चेतावनी दी है।

नवाबगंज दलेलनगर रोड पर ग्राम ज्योरा मकरंदपुर के पास बेशकीमती भूमि पर गांव के संतराम द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसको लेकर दो वर्ष पहले गांव के लालाराम द्वारा तहसील दिवस में की गई शिकायत के बाद संतराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के 22 माह बाद भी सरकारी भूमि से अवैध कब्जा नहीं हट पाया था, जिसको लेकर समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रका. शित की गई थी, जिसको लेकर तहसील प्रशासन की नींद टूट सकी थी। रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के कुछ दिनों के बाद आरोपी संतराम का निधन हो गया था और इस बेशकीमती जमीन पर उसके पुत्रों का कब्जा हो गया था। मौजूदा समय में भी उन्हीं का कब्जा चला आ रहा है। अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने ग्राम जाकर भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया था, जिसमें उन्होंने कुछ भूमि पर गन्ना खड़ा पाया तो कुछ भूमि पर चरी खड़ी पाई थीं।

नवाबगंज दलेलनगर रोड पर स्थित इस बेशकीमती सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने के लिए तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देशों पर लेखपाल पूनम ने कब्जेदारों को नोटिस थमाते हुए जमीन 7 जनवरी तक खाली करने की चेतावनी दी है। कब्जा न छोड़े जाने पर 8 जनवरी को बुलडोजर से भूमि को खाली कराया जाएगा। लेखपाल द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# अवैध संबंधों के विवाद में युवक ने जताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम वरखना हरचन्दपुर निवासी एक युवक ने पत्नी व उसके कथित प्रेमी पर जान से मारने की आशंका जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित जगदीश पुत्र खुशालीराम का आरोप है कि उसकी पत्नी बबली देवी के गांव के ही रामकुमार पुत्र गंगाराम से अवैध संबंध हैं, जिसको लेकर उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। जगदीश का कहना है कि पत्नी बबली देवी, रामकुमार तथा एक अन्य व्यक्ति चन्द्रपाल पुत्र नारायण लाल मिलकर उसे जान से मरवाने की साजिश रच रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, पत्नी की ओर से उसके खिलाफ लगातार झूठे प्रार्थना पत्र दिए जा रहे हैं। हाल ही में थाना नवाबगंज में उसे घर से गायब दिखाने का भी कथित तौर पर झूठा प्रार्थना पत्र दिया गया, जबकि उस दौरान वह मजदूरी के सिलसिले में बाहर गया हुआ था और परिजनों व रिश्तेदारों के संपर्क में था। जगदीश ने बताया कि जान-माल की सुरक्षा के मद्देनजर वह वर्तमान में पत्नी से अलग रह रहा है, लेकिन इसके बावजूद उसे भविष्य में किसी भी समय गंभीर अनहोनी की आशंका बनी हुई है। उसने आरोप लगाया कि उपरोक्त लोग किसी भी समय उसके साथ अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है।

# एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**35 हजार 145 मतदाता हुए बाहर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों पर आज मंगलवार को एसआईआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद 121 विधानसभा नवाबगंज से 35 हजार 145 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराया गया था। जिसके चलते विधानसभा 121 में भी बीएलओ ने घर-घर जाकर इस कार्य को किया था। वीआरसी मोहित कुमार मिश्रा द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र में 392 बूथों पर बीएलओ की तैनाती की गई थी, जिन्होंने मतदाताओं के घर-घर जाकर एसआईआर का कार्य किया था। उन्होंने बताया कि विधानसभा नवाबगंज में अभी तक 3 लाख 33 हजार मतदाता थे, एसआईआर के बाद अब क्षेत्र में 2 लाख 97 हजार 855 मतदाता रह गए हैं। क्षेत्र से 35 हजार 145 मतदाता सूची से हटा दिए गए। इनमें 165132 पुरुष, 132713 महिला और 10 जेंडर मतदाता शामिल हैं।

इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए जाने से क्षेत्र के राजनीतिक दलों में खलबली मच गई है हर कोई सूची से हटाए गए मतदाताओं को दूसरे दल के मतदाता के नाम हटाए जाने की बात कह रहा है।

## एसडीएम ने नए मतदाताओं को किया जागरूक

उप जिलाधिकारी उदित पवार ने मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद क्षेत्र के आर्य मेडिकल कॉलेज के छात्रों को जागरूक करते हुए अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराए जाने का आवाहन किया। कहा जो छात्र 18 साल की उम्र का हो चुका है वह फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ के पास फार्म जमा कर दें, फॉर्म ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आनंद कुमार पाठक, वीआरसी मोहित कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

# बदमाश वसीम छह माह के लिए किया गया जिला बदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** डीएम डीएम अविनाश सिंह ने पिछले दिनों तीन बदमाशों को जिला बदर करने के निर्देश दिए थे। इनमें से एक बदमाश वसीम को थाना बारादरी पुलिस ने मंगलवार को छह माह के लिए जिला बदर करते हुए पीलीभीत की सीमा में ले जाकर छोड़ा।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि 26 दिसंबर को डीएम ने बारादरी क्षेत्र के ईंट पजाया चौराहा निवासी वसीम उर्फ गंठा को जिला बदर करने के आदेश दिए थे। मंगलवार को आदेश की प्रति रिसीव कराकर वसीम को पीलीभीत सीमा पर ले जाकर 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। वसीम को चेतावनी दी गई है कि 6 माह के अंदर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर कार्रवाई होगी।

# बरेली बार चुनावः हुलासीराम गंगवार उपाध्यक्ष निर्वाचित

**रजत मोहन कनिष्ठ उपाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह कोषाध्यक्ष बने**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली बार एसोसिएशन के द्विवर्षीय चुनाव के परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। शाम पांच बजे तक उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव (प्रकाशन) और पुस्तकालय सचिव समेत पांच पदों के नतीजे जारी कर दिए गए। अध्यक्ष और सचिव पद के परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है।

उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता हुलासीराम गंगवार ने जीत दर्ज की। उन्हें 565 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अमित सिंह को 515 वोट प्राप्त हुए। हुलासीराम 50 वोटों के अंतर से विजयी रहे। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रजत मोहन ने 1029 वोट हासिल कर नसीम सैफी (515 वोट) को 514 वोटों के बड़े अंतर से हराया।

कोषाध्यक्ष पद पर धर्मवीर सिंह निर्वाचित हुए, जिन्होंने मौजूदा कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह को परा. जित किया। संयुक्त सचिव (प्रकाशन) पद पर शांतनु मिश्रा ने 881 वोट पाकर रीना सिंह (419 वोट) को 462 वोटों के भारी अंतर से हराया।

पुस्तकालय सचिव पद पर सौरभ अग्निहोत्री ने 728 वोट हासिल कर प्रेरणा (709 वोट) को 19 वोटों के करीबी अंतर से हराया। बरेली बार एसोसिएशन के 11 पदों के लिए सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ था। कुल 2736 पंजीकृत अधिवक्ताओं में से 2428 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस चुनाव में मौजूदा अध्यक्ष मनोज कुमार हरित और सचिव दीपक पांडेय सहित 80 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। मतदान के दौरान फर्जी वोटिंग के आरोप भी लगे थे।

# ब्लैकआउट मॉक ड्रिल पर नागरिक सुरक्षा जनपदों की बैठक

**23 जनवरी को नेताजी जयंती पर मॉक ड्रिल के निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शासन के नागरिक सुरक्षा अनुभाग की प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार की अध्यक्षता में मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समस्त नागरिक सुरक्षा जनपदों के साथ 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार और पुलिस महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश, डीके ठाकुर ने सभी 75 जनपदों में 23 जनवरी 2026 को शाम 6:00 बजे एक साथ ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जनपद के सभी हितधारकों जैसे अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस प्रशासन और आपदा विभाग को नागरिक सुरक्षा के साथ समन्वय स्थापित कर इस ड्रिल को सफलतापूर्वक आयोजित करने को कहा गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, पूर्व में बरेली नगर में आयोजित ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की तस्वीरें और वीडियो सभी जनपदों को दिखाए गए, ताकि उन्हें ब्लैकआउट के संबंध में विस्तृत जानकारी मिल सके। बैठक में सौरभ दुबे (अपर जिलाधिकारी नगर), मुकेश चंद्र मिश्रा (पुलिस अधीक्षक नॉर्थ), अंजनी तिवारी (सीओ यातायात), डॉ. अशमेर सिंह (डिप्टी सीएमओ), मनु शर्मा (मुख्य अग्नि शमन अधिकारी), राकेश मिश्रा (उप नियंत्रक), पंकज कुदेशिया, प्रमोद डागर (सहायक उप नियंत्रक) और अक्षर सिंह (आपदा विशेषज्ञ) सहित कई अधिकारियों ने भाग लिया।

# पीएनबी की खिड़की काटकर घुसे चोर, स्ट्रांग रूम तोड़ने की कोशिश



**बरेली।** सिरौली थाने से 500 मीटर की दूरी पर चोरों ने रविवार रात पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में चोरी करने की कोशिश की। चोर मार्केट की तरफ से खिड़की काटकर बैंक के अंदर प्रवेश कर गए और लॉकर रूम में पहु. चने के लिए स्टोर रूम की दीवार को काटना की कोशिश की। छेनी कटर फंसने से चोर लॉकर तक नहीं पहुंच सके और नकदी बच गई। नाकाम होने पर चोर भाग गए। इस वारदात से लोग पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे हैं। सुबह 10 बजे बैंक स्टाफ पहुंचा तो वारदात का पता चला और प्रबंधक को सूचना दी। प्रबंधक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर इंस्पेक्टर ने फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। बैंक अधिकारियों का कहना है कि नकदी चोरी नहीं हुई है, लेकिन बैंक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है और सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चोर मुंह ढककर बैंक में दाखिल हुए थे। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए बैंक के अंदर लगे दो सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह तोड़ दिया। बैंक प्रबंधन और पुलिस अब डिजिटल फुट प्रिंट्स और आसपास के अन्य कैमरों की मदद से चोरों का सुराग तलाशने में जुटी है। इस वारदात के बाद से सिरौली के व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। कस्बे के लोगों का आरोप है कि पुलिस की सक्रियता केवल कागजों और दिन के उजाले तक सीमित है। सिरौली थाना बैंक से कुछ ही दूरी पर है, फिर भी चोरों को इतना समय मिल गया कि उन्होंने दीवार तोड़ने की कोशिश की। थाना प्रभारी सिरौली विनोद कुमार सिंह ने कहा कि शाखा प्रबंधक आदित्य कुमार के प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं।

# बरेली में मतदाता सूची की ड्राफ्ट लिस्ट जारी



**26.91 लाख मतदाताओं के नाम शामिल, 7.16 लाख एएसडी चिहिन्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची की ड्राफ्ट लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें कुल 26.91 लाख मतदाताओं के नाम शामिल हैं। इस सूची में 7.16 लाख मतदाता एएसडी (अबसेंट, शिफ्टेड, डेड या डुप्लीकेट) के रूप में चिह्नित किए गए हैं, जबकि 2.35 लाख नाम ऐसे हैं जिनकी मैपिंग नहीं हुई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में चार नवंबर से एसआईआर अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान के तहत घर-घर जाकर मतदाताओं का सर्वे और सत्यापन किया गया। अभियान शुरू होने के समय मतदाता सूची में 34,05,520 मतदाता थे।

एसआईआर के डिजिटाइजेशन का कार्य 26 दिसंबर को समाप्त हो गया था, जिसके बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की गई। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि वर्तमान ड्राफ्ट सूची में 26,91,067 मतदाता हैं। इनमें 14,82,546 पुरुष, 12,08,468 महिला और 53 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान कुल 7,16,509 मतदाताओं को एएसडी (अबसेंट, शिफ्टेड, डेड या डुप्लीकेट) के रूप में चिह्नित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 2,35,139 मतदाताओं को 'नो मैपिंग' श्रेणी में रखा गया है, जिन्हें 27 फरवरी तक नोटिस जारी कर उनका निस्तारण किया जाएगा।

यह ड्राफ्ट सूची सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छह जनवरी से छह फरवरी तक आमजन से दावा और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह मार्च को किया जाना निर्धारित है।

# जरी कारीगर के खाते से 23 करोड़ का लेन-देन, हवाला का पैसा होने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शातिर अपराधियों ने जरी कारीगर का बैंक खाता खुलवाकर एक साल में 23 करोड़ रुपये का लेन-देन कर डाला। जरी कारीगर के पास बैंक से डेढ़ करोड़ रुपये के इनकम टैक्स का मैसेज पहुंचा तो वह हैरान रह गया। उसने भुता थाने में इस मामले में की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसपी साउथ अंशिका वर्मा के निर्देशन में भुता पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस को आशंका है कि आरो. पियों कई फर्जी कंपनियां बनाकर बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की जा रही थी। जरी कारीगर के खाते के जरिये हवाला से पैसे के लेन-देन की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस अलग-अलग एंगल से जांच कर रही है।

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने घटना का खुलासा करते हुए जानकारी दी कि भुता थाना क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी शब्बू के पास बैंक से डेढ़ करोड़ रुपये के इनकम टैक्स का नोटिस पहुंचने के बाद उसने भुता पुलिस को सूचना दी। भुता पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। जांच के बाद पुलिस ने शाहिद निवासी केसरपुर थाना भुता और अमित गुप्ता निवासी सुनारों वाली गली कांकरटोला थाना बारादरी को भुता में उदयपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी शाहिद ने बताया कि गांव के ही रहने वाले शब्बू को वह पहले से ही जानता था। उसे विश्वास में लेकर जरी का काम आगे बढ़ाने की बात कहकर अमित गुप्ता से मिलवाया। एसपी साउथ के अनुसारइसके बाद शब्बू से आधार और पैन कार्ड लेकर फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके एचडीएफसी बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में एमएस सत्य साहब ट्रेडर्स नाम से खाते खुलवाए। उसके बाद बैंक से संबंधित सभी एकाउंट नंबर और चेक बुक पर साइन कराकर अपने पास रख लिए। उसके बाद इन्हीं खातों से करोड़ों रुपये का लेन-देन किया। गिरफ्तार किए गए आरो. पियों के पास से एक-एक मोबाइल और 3-3 हजार रुपये की नगदी मिली है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। एसपी साउथ के अनुसार इस पूरे काले कारोबार को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने कागजों पर फर्जी कंपनियों की एक लंबी फौज खड़ी कर रखी थी। जांच में सामने आया कि ''''सत्य साहब ट्रेडर्स'''' नाम की फर्म के जरिये महज एक साल में 23 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन किया गया। जब पुलिस ने धरातल पर जांच की, तो पता चला कि इसके अलावा महावीर ट्रेडिंग कंपनी, महाकाल ट्रेडर्स और सुमित ट्रेडर्स जैसी कई अन्य फर्में भी संचालित की जा रही थीं, जो भौतिक रूप से कहीं अस्तित्व में ही नहीं थीं। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि भुता थाना क्षेत्र के केसरपुर गांव निवासी शब्बू नाम के व्यक्ति ने तहरीर दी थी कि उसका आधार और अन्य कागज लेकर मूल्य खाता खुलवाया गया। खाते से फर्जी बनवाई गई। एक साल में 23 करोड़ 65 लाख रुपये का लेन-देन किया गया था। इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। हवाला के मामले को जोड़कर भी जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## सबालेंका ने शानदार जीत के साथ 2026 अभियान शुरू किया

**सिडनी, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालेंका ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। नवम्बर 2025 में डब्ल्यूटीए फाइनल के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी सिगल्स मैच में खेलते हुए, सबालेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि बुक्सा पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं। सबालेंका, जो जनवरी में बाद में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

## जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में ष्शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को ष्व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनकष् बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर ष्सच में घर जैसा महसूस हुआष्। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन

## बीसीसीआई-बीसीबी विवाद का मुस्तफिजुर पर कोई असर नहीं

# बाहरी शोर से बेफ्रिक मुस्तफिजुर

### बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे



**ढाका, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से मुस्तफिजुर रहमान का बाहर होना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया, खासकर तब जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत न जाने का फैसला किया, लेकिन मुस्तफिजुर रहमान बाहरी शोर से बेफिक्र दिख रहे हैं।

मुस्तफिजुर, जो फिलहाल चल रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे हैं, गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 4 जनवरी को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ राइडर्स को पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई, जब उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और अंतिम ओवर में 10 रन बचाने से पहले शमीम हुसैन को भी आउट किया। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को उन्हें टीम से हटाने का निर्देश देने के एक दिन बाद मुस्तफिजुर ने यह शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुस्तफिजुर को अब वित्तीय दृष्टिकोण से भी बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें 9-2 करोड़ रुपये की बड़ी रकम में खरीदा गया था – जो आईपीएल नीलामी के इतिहास में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। मोहम्मद अशरफुल, जो मौजूदा बीपीएल में सहायक कोच के तौर पर राइडर्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं, ने चटगांव रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि वह (मुस्तफिजुर) पूरी तरह से शांत है। वह मैदान के बाहर की बातों के बारे में बिल्कुल भी चितित नहीं है। चाहे वह बीसीबी हो, भारत हो, बीपीएल हो या आईसीसी। उन्होंने आगे कहा कि अभी वह रंगपुर राइडर्स के लिए खेलने पर ध्यान दे रहा है और इसके बाद जो भी काम आएगा, वह उस पर ध्यान देगा। वह एक अलग ही स्तर का इंसान है। अशरफुल राष्ट्रीय टीम में भी मुस्तफिजुर के साथ काम करेंगे क्योंकि वह फिलहाल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच हैं। ष्अगर आप पहले दो मैचों में मुस्तफिजुर की बात करें तो उनका परफॉर्मेंस थोड़ा कमजोर था, लेकिन खासकर जिस तरह से हमने ढाका के खिलाफ पिछला मैच जीता, वह एक शानदार जीत थी। और जिस तरह से मुस्तफिजुर ने आखिरी दो ओवर फेंके – मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट के लिए वर्ल्ड चैंपियन हैं, वह इतने जरूरी हैं। मुस्तफिजुर के नेशनल टीम के साथी मोहम्मद सैफुद्दीन, जो चल रहे बीपीएल में ढाका कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं, ने भी अशरफुल जैसी ही बात कही। सैफुद्दीन ने एक प्रैक्टिस सेशन के बाद रिपोर्टर्स से कहा कि हमारा आखिरी मैच रंगपुर राइडर्स के खिलाफ था और मैच के बाद हम साथ में डिनर कर रहे थे और मैंने उसे अपने साथ बैठने के लिए बुलाया। हमें लगा कि वह निराश होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। वह म्यूजकि सुन रहा था और हमेशा की तरह रिलैक्स लग रहा था। बांग्लादेश टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जोर देकर कहा कि वह मुस्तफिजुर के व्यवहार से हैरान नहीं हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ अहम टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण अंतिम कदम है। विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के अनुसार, दासुन शनाका की कप्तानी वाली इस टीम में अनुभव और गहराई का मिश्रण है, जिसमें कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की पिछली प्रारंभिक टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके शामिल होने से जगहों के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है, क्योंकि श्रीलंका वैश्विक आयोजन के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने से पहले विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है। जैसे-जैसे यह बड़ा टूर्नामेंट करीब आ रहा है, यह सीरीज श्रीलंका को कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और एक अच्छी विपक्षी टीम के खिलाफ लय बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें रावलपिडी में टी20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में मिली थीं, तो पाकिस्तान विजई रहा था।

**श्रीलंका टी-20 टीम**

**दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, चरित असालंका, जनिथ लियानागे, कामिदु मेंडिस, वानिदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, ट्रैवीन मैथ्यू, दुष्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, ईशान मलिगा।**

## दीप्ति ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया



- **दीप्ति शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है**

**दुबई, वार्ता।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में मैच जिताने वाली पारी के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बॉलिग रैंकिंग में टॉप स्पॉट खो दिया है।

कौर की 43 गेंदों पर 68 रन की पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिलाया और वह टॉप 10 के करीब पहुंच गईं, लेकिन शर्मा एनाबेल सदरलैंड के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनका 28 रन देकर एक विकेट लेना उन्हें आगे बनाए रखने के लिए काफी नहीं था। शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिग पॉइंट कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई फास्ट-बॉलिग ऑलराउंडर ने नंबर 1 पोजीशन फिर से हासिल कर ली है, जो उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में हासिल की थी, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी उन्हें टॉप स्पॉट दे दिया था। भारत के सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अमनजोत कौर सात स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 78वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि श्रीलंका की बैट्समैन हसिनी परेरा (31 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) और इमेशा दुलानी (77 स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर) ने भी फिफ्टी लगाने के बाद बढ़त हासिल की है। बॉलिंग रैंकिंग में भारत की लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका के लिए, कविशा दिलहारी (एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चामरी अथापट्टू (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) को बॉलिग रैंकिंग में बढ़त मिली है।

**विजय हजारे ट्रॉफी**

## देवदत्त पडिक्कल ने 600 रन बनाकर रचा इतिहास



- **पडिक्कल ने यह उपलब्धि राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप 'ए' में हासिल की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की।

राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिग करने का फैसला किया तो एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मजबूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

## कर्नाटक ने राजस्थान को 150 रनों से हराया

**अहमदाबाद, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल की 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन की ऐतिहासिक पारी की बदौलत कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान को 150 रन से हरा दिया। पडिक्कल की शानदार पारी और कप्तान मयंक अग्रवाल (100) के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप के दम पर कर्नाटक ने 50 ओवर में सात विकेट पर 324 रन का मजबूत स्कोर बनाया। राजस्थान की टीम विशाल लक्ष्य के जवाब में 38 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। राजस्थान की तरफ से करण लांबा ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। तेज गेंदबाज प्रसि( कृष्णा ने आठ ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके। कर्नाटक अपनी लगातार पांचवीं जीत और 20 अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ राजस्थान को चौथी हार का सामना करना पघ और वह आठ टीमों के ग्रुप में सातवें स्थान पर है।

## अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

**वेलिंगटन, वार्ता।** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा कि मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है। वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी। 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

## जो रूट ने की रिकी पोंटिंग की बराबरी

- **सचिन तेंदुलकर से बस 10 शतक दूर है जो रूट**

**सिडनी, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 की शुरुआत से अब तक रूट ने कुल 24 टेस्ट शतक लगाए हैं।

इस अवधि में किसी और बल्लेबाज ने दस से ज्यादा शतक नहीं लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। छह कैलेंडर वर्षों में रूट के ए 24 शतक सिर्फ पोंटिंग और मैथ्यू हेडन से पीछे हैं, जिन्होंने 2001 से 2006 के बीच 26 शतक लगाए थे। 2026 की शुरुआत हुए अभी एक हफ्ता ही हुआ है और रूट के पास पोंटिंग और हेडन का रिकॉर्ड पार करने के लिए पूरा साल है। टेस्ट क्रिकेट में रूट ने 17 बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, जो इतिहास में पांचवां सबसे ज्यादा है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 20 स्कोर के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रूट के नाम सबसे ज्यादा 150 या उससे अधिक के स्कोर हैं। एलिस्टेयर कुक इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। अब रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सात अलग-अलग देशों में 150 से ज्यादा रन का स्कोर दर्ज है। उनसे ज्यादा देशों में यह कारनामा सिर्फ तेंदुलकर और यूनुस खान ने किया है। दोनों बल्लेबाजों ने आठ देशों के खिलाफ 150 का स्कोर बनाया है। टेस्ट क्रिकेट में लगातार 50 से ज्यादा रन की पांच पारियों को रूट ने शतक में बदला है। यह सिलसिला पिछले साल लीड्स में भारत के खिलाफ चौथी पारी में बनाए गए नाबाद 53 रन से शुरू हुआ था। यह पहला मौका है जब रूट ने लगातार पांच 50 स्कोर को शतक में बदला है। इससे पहले वह 2022 और 2024 में लगातार चार अर्द्धशतकों को शतक में बदल चुके हैं। रूट इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने एलिस्टेयर कुक के बाद यह कारनामा किया है।

## स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110-57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे। सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था।

## शब्बीर की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को दी मात

**रांची, वार्ता।** शब्बीर खान (हैट्रिक सहित 30 रन पर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप फाइनल में मंगलवार को 112 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। मणिपुर को 47.5 ओवर में 169 रन पर ढेर करने के बाद बिहार ने 31.2 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच शब्बीर खान ने आठ ओवर की घातक गेंदबाजी में 30 रन देकर सात विकेट झटके जबकि हिमांशु तिवारी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मणिपुर की तरफ से उलेनयाई ख्वैराकपम ने 61 और फिरोइजम सिंह ने 51 रन बनाए। बिहार की तरफ से आयुष लोहारुका ने 72 गेंदों में 75 रन की मैच विजई पारी खेली।

## डीकॉक-बेयरस्टो ने खेली तूफानी पारी

### सनराजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया

**प्रिटोरिया, वार्ता।** बेटवे एसए20 सीजन 4 रिकॉर्ड्स का सीजन बनता जा रहा है और सोमवार शाम सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इसका ताजा उदाहरण पेश किया। सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया, जो बेटवे एसए20 इतिहास में उनका सबसे बड़ा सफल रन-चेज है।

इस शानदार जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की टीम 17 अंकों के साथ अंकतालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गई। ओपनर्स क्विटन डी कॉक (नाबाद 79 रन, 41 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 85 रन, 44 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए कैपिटल्स के गेंदबाजों को चारों ओर बिखेर दिया। डी कॉक ने पावरप्ले में लुंगी एनगिडी की गेंदों पर कवर के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ते हुए आक्रमण की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने लिजाड विलियम्स को भी नहीं बख्शा और सनराइजर्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शुरुआत में बेयरस्टो ने डी कॉक को खुलकर खेलने दिया, लेकिन जैसे ही स्पिनर केशव महाराज गेंदबाजी पर आए, उन्होंने गियर बदल दिया। पूर्व इंग्लैंड विश्व कप विजेता बेयरस्टो ने महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोर लिए, जो अब बेटवे एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया है। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए क्विटन डी कॉक, कॉनर एस्टरह्यूजन, एनरिच नॉर्टजे और शरफेन रदरफोर्ड दावेदार थे, जिसमें डी कॉक को फैन वोट का 91-2 प्रतिशत समर्थन मिला। इससे पहले, सनराइजर्स ने सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर कैपिटल्स को औसत से कम स्कोर पर रोक दिया था। हालांकि नए ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन (52 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन, 22 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने पारी को संभाला, लेकिन सनराइजर्स ने पूरे समय मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। एनरिख नॉर्खिए ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3/32 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि लुईस ग्रेगरी ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 1/18 रन दिए। एडम मिल्ने ने अंतिम से पहले ओवर में 22 रन खाने के बावजूद 2/36 के आंकड़े हासिल किए, जिसमें कैपिटल्स के नए वेस्टइंडीजी स्टार आंद्रे रसेल का अहम विकेट भी शामिल था। मैच का आकर्षण क्विटन डी कॉक का शानदार एक हाथ से लिया गया डाइविग कैच रहा।

## दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से पीटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** नवदीप सैनी और आयुष बदोनी के तीन-तीन विकेटों के बाद प्रियांश आर्य की 80 रन की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार को रेलवे को छह विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने रेलवे को 40.4 ओवर में 179 रन पर ढेर करने के बाद 21.4 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 20 अंकों के साथ अंक तालिका में ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश ने मात्र 41 गेंदों पर 80 रन में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सार्थक ने 33 व नीतीश ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पंत तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले रेलवे की पारी में कुश ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से नवदीप व आयुष ने तीन-तीन विकेट लेकर रेलवे की पारी को 179 रन पर निपटा दिया।

## वैभव सूर्यवंशी ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा



- **सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्द्धशतक बनाया**

**बेनोनी, वार्ता।** क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था।

उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत ने बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका अंडर19 के लिए, क्रुइसकैंप सबसे असरदार बॉलर रहे, उन्होंने दोनों भारतीय विकेट लिए और छह ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 7 जनवरी 2026

# ड्राफ्ट मतदाता सूची

मंगलवार को अपनी तय तारीख 6 जनवरी के अनुसार चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की। सूची से दो करोड़ 89 लाख हटा दिए जाने की बात सामने आई है। इस तरह यूपी में 15 करोड़ 44 लाख से घटकर अब मतदाताओं की संख्या 12 करोड़ 56 लाख रह गई है। लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से पहले की दौर की मतदाता सूची को जब फ्रीज किया गया था, उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे, इसके बाद ही 4 नवंबर 2025 से गणना शुरू होकर 26.12.25 तक चली और इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत था। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनीतिक दलों की भी इस बात को लेकर प्रशंसा की कि उन्होंने इस प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दिया और उप्र के तमाम 75 जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की गई और अब तक 1546 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अब 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा/आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फार्म 6, 7 व 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक इस तरह 15 लाख 78 हजार 423 फार्म छह प्राप्त हो चुके हैं। मतदाताओं को असुविधा न हो, बूथों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है अब 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथों को तर्कसंगत बनाया गया है। इस तरह अब राज्य में 15030 के लगभग नए बूथ जोड़े गए हैं। इस मतदाता सूची में जो मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, उसकी बड़ी संख्या है। यह संख्या 79 लाख 52 हजार 190 बताई गई है। जोकि वास्तव में बड़ी संख्या है। यूं तो एसआईआर की प्रक्रिया इस दावे के साथ चलाई गई है कि इसका काम पात्र लोगों को वोट के लिए जोड़ना है और साथ ही मृत व्यक्ति या जो अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं या जिनके नाम डबल हैं, उनको हटाकर सूची को सही आकार देना है। जोकि अच्छी बात है, लेकिन चुनाव आयोग को यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो एसआईआर प्रक्रिया को संदेह की नजर से देखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे लोगों में देश के लगभग तमाम विपक्षी राजनीतिक दल शामिल हैं। उनकी शंकाओं को दूर करना भी चुनाव आयोग का काम होगा, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया तभी पूर्णत: सफल मानी जाती है जिसमें असहमति की संभावना कम हो। यूं भी लोकतंत्र में हठधर्मी के लिए कोई जगह नहीं है। संभवत: भारत के इतिहास में पहला अवसर है जब चुनाव प्रक्रिया में नाम जुड़ने के बजाए नाम कटने की बात सामने आई है।

## एलिजिबल वोटर्स को मरा बताया जा रहा



चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल कर रहा है, चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है, यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है, चुनाव आयोग वाट्सऐप पर चलाया जा रहा है, लोग एसआईआर में हिस्सा लेते समय सावधान रहें, उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें मदद की जरूरत है, उन्हें मेरा साथ देने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उनका साथ दें, जो इस काम की वजह से मुश्किल में हैं।

**–ममता बनजी**
**सीएम, पश्चिम बंगाल**

# पीएम ने जाना पिपरहवा का महत्व स्थानीय जनप्रतिनिधि कब जानेंगे



यशोदा श्रीवास्तव

निश्चित ही सिद्धार्थनगर जिले का पिपरहवा विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। अस्तित्व में आने के बाद इस स्थल के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा यह नेपाल के लुंबिनी जैसा विकास नहीं कर सका। बता दें कि पिपरहवा जिसे शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में पहचाना गया, उसे गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहते हैं जबकि लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है। आज पिपरहवा की चर्चा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला है। हाल ही नई दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा कल्चर कांप्लेक्स में द लाइट एंड लोटस रेलिक्स आफ द अवेकंड वन प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यहां जो बुद्ध अवशेष रखे गए हैं वह 1898 में पिपरहवा में मिले थे। इस अवशेष को अंग्रेज जमींदार अपने साथ ले गए थे। 2025 में हांगकांग में इसकी नीलामी होने जा रही थी जिसे केंद्र सरकार और गोदरेज ग्रुप के हस्तक्षेप से बचाया गया। इसके लिए कई कानूनी नोटिसें दी गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अभी कुछ महीने पहले इसे भारत लाया जा सका जिसका दर्शन आज सुलभ हो पा रहा है।

पिपरहवा (कपिलवस्तु) दुनिया के दो तिहाई बुद्धिष्ट देशों के आस्था का केंद्र भी है। यहां की पवित्र मिट्टी लंका सहित कई बुद्धिष्ट देशों के राष्ट्राध्यक्ष न केवल अपने माथे पर लगाए, साथ भी ले गए। करीब 40 साल पूर्व जब सिद्धार्थनगर बस्ती जिले के उत्तरी हिस्से में स्थित नौगढ़ नाम का तहसील था,तब यहां बुद्धिष्टों का रेला लगा रहता था। प्रतिदिन यहां रेलवे स्टेशन पर विदेशी बुद्ध तीर्थ यात्रियों का एक बोगी मौजूद रहता था। वे पहले पिपरहवा बुद्ध स्तूप का दर्शन करते थे फिर यहीं से ककरहवा बार्डर से नेपाल में बुद्ध की जन्म स्थली लुंबिनी जाते थे। यह बीते दिनों की बात है। आज इस एतिहासिक स्थल का हाल यह है कि शायद ही कोई भूला भटका विदेशी बुद्धिष्ट यहां आता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा का बखान किया, स्थानीय जनप्रतिनिधि इससे नावाकिफ है। भगवान बुद्ध यहां अपने जीवन के 29 साल बिताए। इस नाते इस स्थल को बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहा जाता है। काश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा को समझ पाए, यहां के जनप्रतिनिधि भी समझ पाए होते तो आज पिपरहवा भी नेपाल के लुंबिनी जैसा विकसित होकर भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ा बहुत हिस्सेदारी जरूर निभा रहा होता। पूर्वी यूपी के जिला सिद्धार्थनगर की शिनाख्त गौतम बुद्ध से है। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले के उत्तर स्थित नौगढ़ तहसील को अलग कर सिद्धार्थ के नाम से सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ है। जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से 16 किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। पिपरहवा के खंडहरनुमा स्तूप को संरक्षित कर इसी के समीप सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर कपिलवस्तु के विकास की तमाम योजनाएं बनीं जरूर लेकिन राजनीतिक कारणों से यह मूर्त रूप नहीं ले पाई। 1980 में कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार ने कपिलवस्तु विकास महायोजना तैयार की थी जिसके तहत जमीनें अधिकृत कर विकास की ढेर सारी योजनाएं बनीं थी। इसके लिए प्रारंभिक बजट में 80 लाख रूपए भी जारी किए गए थे। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसमें रुचि ही नहीं दिखाई लिहाजा यह योजना फाइलों में दफन होकर रह गई। आगे चलकर प्रदेश के विभिन्न सरकारों में यहां जरूर कुछ न कुछ निर्माण कार्य हुए लेकिन वे इस लायक नहीं हैं कि बुद्धिषटों और टूरिस्टों को आकर्षित कर सके। मायावती ने अपने शासनकाल में यहां हवाई पट्टी तक बनाने की घोषणा की थी। स्थानीय स्तर पर यदि इसके विकास के बारे में किसी ने सोचा तो वह स्वर्गीय धनराज यादव थे जो भाजपा के कई बार के विधायक और मंत्री रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यहां सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के रूप में बड़ी सौगात दी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से यहां जरूर चहल पहल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिपरहवा के महत्व को समझने के बाद लोगों को उम्मीद है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि जरा भी ध्यान दें तो पिपरहवा का विकास लुंबिनी सरीखे हो सकता है जहां बुद्ध अनुयाई वाले देश भी अपना योगदान देने में रुचि लें।इसके लिए लोगों को स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल से काफी उम्मीदें हैं। बुद्ध के अवशेष को हांगकांग से वापस भारत आने के बाद उन्होंने उसे पिपरहवा में वापस लाने की बात कही है।






**जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से १६ किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक बदलाव में मां-बाप की सुध लेना जरूरी

**दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।**

यह विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने-बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नए कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रूपए तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नए विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नए सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है। अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु,नाती-पोते, पोती-नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा-बेटी व दत्तक बेटा-बेटी ही शामिल थे। इसके अलावा विधेयक में प्रत्एक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।



**...साभार डीटी**

# जरूरत से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल कान व दिमाग के लिए खतरा

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है। इसी विषय पर दिल्ली स्थित एक नामी अस्पताल में ईएनटी डिपार्टमेंट में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नेहा सूद से रजनी अरोड़ा की बातचीत। हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं। हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर-सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है- पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट-ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है। व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75-80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद-ब-खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे-जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुताबिक ईयरफोन डिवाइस पर 40-60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है। हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थाई होता है। शुरुआत में टेम्परेरी होता है जो दो-चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय-सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर-सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है। हियरिंग लॉस के शुरुआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है। बिना देरी ईएनटी डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। 2 फुट की दूरी की आवाज सुनने में दिक्कत आना। दूसरों की बात समझने में मुश्किल, टीवी देखते हुए वॉल्यूम दूसरों की अपेक्षा ज्यादा करना पड़े। कान में एब्नॉर्मल साउंड आना शुरू हो जैसे- रिंगिंग साउंड, सीटी या बीप साउंड। इनके अलावा ऑडिटरी नर्व डैमेज होने के साथ कई समस्याएं होने लगती हैं- कुछ आवाजें या गाने की कुछ बीट्स सुनाई न देना, कान में खुजली, दर्द, कान बहना, कान के अंदर सीटी की आवाजें या बाहर की आवाजें गूंजना, बॉडी बैलेंस बिगड़ना। डॉक्टर सबसे पहले कान का नॉर्मल एग्जामिन करते हैं। हियरिंग लेवल का पता लगाने के लिए ऑडियोमेट्री टेस्ट किया जाता है-हियरिंग लॉस 10-20 प्रतिशत के बीच में है, तो वह नॉर्मल है। 20-40 प्रतिशत हियरिंग लॉस को माइल्ड , 40-60 प्रतिशत को मॉडरेट हियरिंग लॉस और 60-80 प्रतिशत को सीवियर और 80 प्रतिशत से अधिक को गंभीर हियरिंग लॉस माना जाता है। उपचार हियरिंग लेवल के आधार पर तय किया जाता है- माइल्ड से मॉडरेट हियरिंग लॉस में हियरिंग एड या एम्प्लीफायर डिवाइस सहायक हो सकते हैं। सीवियर लॉस में कॉक्लिया इम्प्लांट सर्जरी की जाती है। एक कान में हियरिंग लॉस पर बोन एंकर्ड हियरिंग एड लगाया जाता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर हियरिंग लॉस से बचा जा सकता है- पहली, ब्ल्यूटुथ डिवाइस लगाएं तो 60/60 रूल फॉलो करें। यानी डिवाइस वॉल्यूम 60 डेसिबल से ज्यादा न हो और एकसाथ 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल न करें। जरूरी हो तो 30 मिनट के बाद 5 मिनट और 60 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। वहीं साउंड मिनिमम इंटेंसिटी पर इस्तेमाल करें। ईयरबड के बजाय कान के ऊपर वाला हेडफोन इस्तेमाल करें। सॉफ्ट टिप वाले ईयरफोन लें। यथासंभव नॉयस-केंसेलेशन वाली डिवाइस लें। ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर दिए गए राइट और लेफ्ट मार्क का ध्यान रखें और सही कान में लगाएं। म्यूजिक ऐप डाउनलोड कर उसमें एक्यूलाइजर इस्तेमाल करें। शोरगुल वाले इलाके या कार्यस्थल पर जाने से पहले कान में नॉयस-प्रोटेक्टर जरूर लगाएं। हाई रिस्क कैटेगरी वाले व्यक्ति 6 महीने में ऑडिटरी स्क्रीनिंग-ऑडियोमेट्री टेस्ट कराएं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोलेः मुझे किडनैप किया गया

## आरोपों से इन्कार, गिरफ्तारी को अवैध बताया, विपक्षी नेता मारिया जल्द वेनेजुएला लौटेंगी

**न्यूयार्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयार्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं।

मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है। अमेरिकी ड्रग एजेंसी की टीम मादुरो को अदालत में पेश करने के लिए हेलिकाप्टर से न्यूयार्क लेकर आई। मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस भी अदालत में पेश हुईं। उनके चेहरे पर चोट के निशान और पट्टी बंधी थी। उन्होंने खुद को वेनेजुएला की प्रथम महिला बताया और सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो और उनके सहयोगियों पर नशा तस्करों और आतंकी गिरोहों के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। मादुरो पर मशीनगन रखने का भी आरोप है, जिसके लिए लंबी सजा हो सकती है। चार्जशीट में मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा, गृह मंत्री डियोसडाडो काबेलो और कुख्यात गैंग 'त्रेन दे अरागुआ' के सरगना हेक्टर गुरेरो फ्लोरेस का नाम भी शामिल है। अमेरिका इस गैंग को विदेशी आतंकी संगठन मानता है। सुनवाई के दौरान मादुरो के पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं। वह और उनकी पत्नी एक ही मेज पर बैठे थे और दोनों ने हेडफोन लगाए थे ताकि अदालत में कही जा रही बातों को अपनी भाषा में समझ सकें। जज ने अदालत में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। इससे पहले मादुरो को लेकर एक हेलिकाप्टर अदालत के पास बने हेलिपैड पर उतरा। हेलिकाप्टर से बाहर आते ही उन्हें तुरंत एक वैन में बैठाया गया और वहां से सीधे अदालत ले जाया गया। मादुरो के खिलाफ सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए। एक तरफ अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, तो दूसरी ओर मादुरो विरोधी लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए। सुनवाई खत्म होने के बाद जब मादुरो बाहर निकलने के लिए उठे, तो गैलरी में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मादुरो ने जवाब दिया कि वह अपनी आजादी हासिल करेंगे। वेनेजुएला की राजधानी कराकस में सोमवार शाम अचानक गोलियों और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की आवाजें सुनाई दीं। एक वीडियो में कराकस के आसमान में एंटी-एयरक्राफ्ट गन फायरिंग करते दिखाई दी। एक दूसरे वीडियो में गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी में तैनात अलग-अलग सिक्योरिटी यूनिट्स के बीच भ्रम और गलतफहमी के चलते ऐसा हुआ। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर सीएनएन को बताया कि मिराफ्लोरेस राष्ट्रपति भवन के पास उर्दानेता एवेन्यू के आसपास उन्होंने गोलियों की आवाजें सुनीं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इन खबरों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि इस घटना में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।



■ मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं: मादुरो
■ मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है

### अमेरिकी ऑपरेशन में जख्मी हुई मादुरो की पत्नी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी सेना के वेनेजुएला ऑपरेशन में अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को काफी चोटें आई हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 69 साल की फ्लोरेस जब सोमवार को न्यूयार्क कोर्ट में पेश हुईं तब उनके चेहरे पर दो पट्टियां लगी थीं। एक पट्टी आंख के ऊपर और दूसरी माथे पर थी। उनकी दाहिनी आंख पर चोट का नीला निशान साफ दिखाई दे रहा थी। फ्लोरेस के वकील मार्क डोनेली ने कोर्ट को बताया कि ये चोटें उस वक्त लगीं, जब अमेरिकी सेना ने उन्हें पकड़ा था। वकील ने कहा कि फ्लोरेस की पसलियों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें इलाज की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने अदालत से मांग की कि फ्लोरेस का पूरा एक्स-रे कराया जाए, ताकि यह पता किया जा सके कि हिरासत में उनकी सेहत ठीक है।

### वेनेजुएला में सैन्य तैनाती संबंधी जानकारी को लेकर सांसदों में संशय

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की योजनाओं पर एक गोपनीय जानकारी मिलने के बाद, प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य और डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात की पूरी तरह से स्पष्टता नहीं है कि अमेरिकी सैनिकों को वहां तैनात किया जाएगा या नहीं। यह जानकारी दोनों दलों के आठ वरिष्ठ सांसदों को दी गई थी, जिनमें खुफिया, विदेश मामलों और सशस्त्र सेवा समितियों के प्रमुख शामिल हैं। वेनेजुएला में हालात को लेकर सांसदों ने संशय जताया। सीएनएन के अनुसार ब्रीफिंग के बाद मीक्स ने कहा कि कोई स्पष्टता नहीं है। उनके पास सेना तैनात करने का विकल्प है। वह किसी भी विकल्प को खारिज नहीं करने वाले हैं। अन्य देशों में इसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावना पर मीक्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से, डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस से बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वह हमें सरकार की एक अलग लेकिन समान शाखा के रूप में नहीं देखते। दुर्भाग्य से कांग्रेस का नेतृत्व भी खुद को समान नहीं मानता। मीक्स ने वेनेजुएला में अमेरिकी अभियानों की संभावित लागतों को लेकर अपने रिपब्लिकन सहयोगियों की चिंताओं को भी उजागर किया।

## क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना को लेकर चिंतितः गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्वपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है।

गुटेरेस ने कहा कि वह 'चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने हालांकि किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है।' महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है।



■ एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है: एंटोनियो गुटेरेस

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी चुगोकू क्षेत्र के शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई, हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि भूकंप के केंद्र से मात्र 32 किमी दूरी पर 'शिमाने परमाणु ऊर्जा केंद्र' है। जापान के परमाणु नियामक प्राधिकरण ने कहा कि संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

### गाम्बिया नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसम्बर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुई एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई।

## ग्रीनलैंड पर हमला किया, तो नाटो खत्मः फ्रेडरिकसन

### डेनमार्क की पीएम ने चेताया, ट्रम्प के खिलाफ 7 यूरोपीय देश, कहाः ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो यह सैन्य गठबंधन नाटो का अंत होगा। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही नाटो के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी नाटो की है। इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया।



■ ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है

## लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** लक्जमबर्ग की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मुलाकात की और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की।

मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि डा. जयशंकर रविवार को फ्रांस और लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।



■ दोनों नेताओं ने निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक बातचीत की

### थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है।




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज पार्टी नेताओं के साथ।

### नेपाल में ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

**काठमांडू।** नेपाली में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई रूस भागने की फिराक में

### 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में दावाः सत्ता गंवाने का डर

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। ईरान में आठ दिन से खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसम्बर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों जेन-जी भी शामिल हो चुके हैं। खामेनेई कई चौरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डालर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डालर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रापर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। देशभर में जेन-जी आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 प्रतिशत और दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएआई और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई।



■ बेटे और साथियों के साथ 20 लोग भी तैयार

## वेनेजुएला में अमेरीकी एक्शन की चीनी सोशल मीडिया पर तारीफ

### बोलेः यूएस मादुरो को पकड़ सकता है, तो ताइवान पर चीन कब्जा क्यों नहीं कर सकता

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स के एलीट कमांडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति को अगवा करने की आखिरी तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी वक्त राष्ट्रपति निकोलस मादुरो चीन के लैटिन अमेरिका मामलों के अधिकारी किउ शियाओची के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा कि शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं।

इस घटना के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी सेना मादुरो को उनके बेडरूम से खींचकर अपने देश लेकर चले गए। इस घटना के बाद चीन भले ही चिंतित और नाराज है लेकिन वहां की सोशल मीडिया पर ऑपरेशन वेनेजुएला की तारीफ हो रही है। कई यूजर्स इसे ताइवान पर चीनी सैयूएसय कब्जे के लिए एक माडल के रूप में देख रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 2 जनवरी को वेनेजुएला के कराकस स्थित मिराफ्लोरेस पैलेस में लैटिन अमेरिका के लिए चीन के दूत किउ जिओकी से मुलाकात की थी। चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी की तुरंत निंदा की और वाशिंगटन पर 'दुनिया का पुलिसवाला' बनने का आरोप लगाया। चीन ने अमेरिकी छापे को गलत बताया और मादुरो व उनकी पत्नी की तुरंत रिहाई की मांग की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान अमेरिका पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उयूएसहोंने कहा कि अमेरिका का एकतरफा दबाव और धमकी देने वाला रवैया पूरी दुनिया की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। शी जिनपिंग ने कहा कि हर देश को यह हक होना चाहिए कि वह अपने विकास का रास्ता खुद चुने। उयूएसहोंने यह भी कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के नियमों का पालन करना चाहिए। खासकर बड़ी ताकतों को दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए। चीन के सोशल मीडिया पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर जबरदस्त हलचल और चर्चा देखने को मिली। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर अमेरिका अपने (बैकयार्ड) इलाके के किसी देश के नेता को पकड़ सकता है, तो चीन ऐसा क्यों नहीं कर सकता? चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अमेरिका के ऑपरेशन और ताइवान के मामले में तुलना करना गलत है। वेनेजुएला का मामला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, जबकि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपना हिस्सा मानती है। चीन ने साफ कहा है कि वह ताइवान को अपने में मिलाएगा, जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी करेगा। पिछले कुछ साल में बीजिंग ने ताइवान पर सैयूएसय दबाव लगातार बढ़ाया है, यहां तक कि उसकी नाकेबंदी का अभ्यास भी किया है। चीन और वेनेजुएला के बीच दशकों से करीबी रिश्ता रहा है।



■ निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा: शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं





